वर्ष : 34 | अंक : 252 | मुंबई, बुधवार, 19 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित



## मारा गया मोस्ट वांटेड नक्सली हिड़मा, 5 साथी भी ढेर

**रायपुर/बस्तर।** इसी साल मई महीने में सीपीआई-माओवादी के महासचिव बसवराजू को सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में मार गिराया था। बसवराजू को नक्सल आंदोलन की रीढ़ माना जाता था। उसके एनकाउंटर का ऐलान खुद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया लेकिन तब भी ये सवाल पूछा गया था कि ये तो ठीक है लेकिन माडवी हिड़मा कब मारा जाएगा या वो सरेंडर कब करेगा। जाहिर है इससे नक्सल आंदोलन में हिड़मा की अहमियत का पता चलता है। मतलब समझ सकते हैं। मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे के लक्ष्य की राह में सबसे बड़ा रोड़ा था माडवी हिड़मा। अब वह मारा जा चुका है।

शेष पेज- 8 पर


# DBD
# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## सीएनजी संकट खत्म, गैस पाइपलाइन की मरम्मत पूरी



**मुंबई।** मुंबई में पिछले तीन दिनों से चल रहा गंभीर CNG संकट अब खत्म होने की कगार पर है। मंगलवार को महानगर गैस लिमिटेड (MGL) ने पुष्टि की कि चेंबूर में क्षतिग्रस्त गैस पाइपलाइन की मरम्मत पूरी कर ली गई है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, मरम्मत के बाद पाइपलाइन की टेस्टिंग जारी है और अगले एक घंटे के भीतर सप्लाई बहाल हो जाएगी। MGL के सूत्रों ने बताया कि जैसे ही टेस्टिंग पूरी होगी, मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में CNG सेवा सामान्य होना शुरू हो जाएगी।

# फडणवीस कैबिनेट ने लिए ताबड़तोड़ फैसले



- सिडको और म्हाडा परियोजनाओं के लिए बनेगी नई नीति
- राज्य कौशल्य विश्वविद्यालय के लिए 339 पदों को मंजूरी
- भिक्षा कानून से हटाए जाएंगे मानहानिकारक शब्द

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में महाराष्ट्र सरकार ने शहरी विकास, आवास, पुनर्वास, कौशल विकास और विधिक सुधारों से जुड़े कई अहम फैसलों को मंजूरी दी। सरकार ने सिडको सहित विभिन्न प्राधिकरणों को भूमि उपयोग के सही निर्धारण पर जोर देने के निर्देश दिए। साथ ही अवधारणा-आधारित प्रतिष्ठित शहर विकास नीति लागू की गई, जिसके तहत एकीकृत कॉलोनियों और अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक क्षेत्रों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। भूमि बैंक नीति भी लाई गई है, जिससे योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और विकास कार्यों को तेज़ी मिलेगी।

### रतन टाटा महाराष्ट्र कौशल विवि में 339 नए पद

रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल्य विश्वविद्यालय के लिए 339 पदों का सृजन किया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। कौशल्य विश्वविद्यालय के लिए शिक्षकों के 232 पदों और शिक्षकेतर के 107 पदों को मान्यता दी गई है। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल्य आधारित उच्च शिक्षा के जरिए रोजगार व स्वयंरोजगार के अवसर निर्माण करना विश्वविद्यालय का लक्ष्य है।

### म्हाडा परियोजनाओं के पुनर्विकास की नीति

आवास विभाग ने बृहन्मुंबई उपनगरों में स्थित 20 एकड़ या उससे अधिक क्षेत्रफल वाली म्हाडा परियोजनाओं के पुनर्विकास को मंजूरी दी है। इस फैसले से मुंबई और उपनगरीय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किफायती आवास उपलब्ध होंगे। सरकार का मानना है कि यह कदम शहरी आवास संकट कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### भिक्षावृत्ति प्रतिषेध अधिनियम से अपमानजनक शब्द हटेंगे

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार महाराष्ट्र भिक्षा प्रतिबंध कानून के मानहानिकारक शब्दों को हटाने को राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। इससे अधिनियम के महारोग से पीड़ित, कुष्ठरोगी, कुष्ठालय शब्द हटाने और उसके अनुसार अधिनियम में संशोधन करने को मान्यता दी गई है।

### भूमि अधिग्रहण मामलों के निपटारे को मिलेगी तेजी

राहत एवं पुनर्वास विभाग ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन से जुड़ी प्रक्रियाओं के लिए नए पद सृजित किए हैं। इससे भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 की धारा 64 के तहत लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आएगी। पारदर्शिता और उचित प्रतिकर सुनिश्चित करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### लोक न्यास अधिनियम में संशोधन

विधि एवं न्याय विभाग ने महाराष्ट्र लोक न्यास अधिनियम, 1950 में संशोधन को मंजूरी दी है, जिससे न्यासों के संचालन और पंजीकरण प्रक्रियाओं को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की बुनियादी ढांचा समिति ने राज्य में सड़क विकास को गति देने के लिए मंगलवार को कई महत्वपूर्ण राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में सबसे प्रमुख पुणे-शिरूर राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिसमें चार लेन की सड़क और छह लेन वाला एलिवेटेड एक्सप्रेसवे शामिल होगा। बैठक में छत्रपति संभाजीनगर जिले में दो नई छह लेन वाली सड़क परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई। ये सड़कें छत्रपति संभाजीनगर-पुणे राजमार्ग से जुड़ेंगी, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

मनी लॉन्ड्रिंग मामला

# नवाब मलिक के खिलाफ आरोप तय

- विशेष पीएमएलए कोर्ट ने नवाब मलिक को आरोप से बरी करने से किया इनकार
- पूर्व मंत्री ने खुद को बताया 'निर्दोष'



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता नवाब मलिक के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप तय कर दिए। यह मामला भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़ा है। आरोप पढ़कर सुनाए जाने पर मलिक ने खुद को निर्दोष बताया।

### विशेष जज ने सभी आरोपियों पर तय किए आरोप

सांसद-विधायक से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश सत्यनारायण नवंदर ने मलिक सहित अन्य आरोपियों के पक्ष में दी गई 'निर्दोष होने' की दलीलों पर विचार करने के बाद आरोप तय किए। अदालत में यह भी बताया गया कि मलिक और उनके परिवार से जुड़े कई व्यवसायिक संस्थान भी इस मामले में आरोपी हैं। अब सभी आरोपियों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के प्रावधानों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

### दाऊद इब्राहिम का आतंकवादी नेटवर्क केंद्र में

दाऊद इब्राहिम एक घोषित वैश्विक आतंकवादी है और 1993 मुंबई सीरियल बम धमाकों का मुख्य आरोपी भी। ईडी ने फरवरी 2022 में इस मामले में नवाब मलिक को गिरफ्तार किया था। एजेंसी का आरोप है कि दाऊद इब्राहिम के गिरोह से जुड़े लोगों के साथ कथित आर्थिक लेन-देन में मलिक की भूमिका थी।

### मेडिकल जमानत पर बाहर हैं मलिक

गिरफ्तारी के बाद से मलिक न्यायिक प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं और वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट से मिली मेडिकल जमानत पर बाहर हैं। कोर्ट में अब आगे इस मामले की नियमित सुनवाई की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज़

### अवैध गुटखा कारोबार पर कार्रवाई के निर्देश

**मुंबई।** गुटखा प्रतिबंध के बावजूद अन्य राज्यों से लगातार आने वाले अवैध गुटखे और उससे स्कूली छात्रों व युवा पीढ़ी पर होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों को रोकने के लिए मंत्री नरहरि जिरवाल ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित गुटखा कंपनियों के मालिकों और इस अवैध कारोबार के मास्टरमाइंडों पर 'मोका' कानून के तहत कार्रवाई करने पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, ताकि इस नेटवर्क को पूरी तरह तोड़ा जा सके। खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल की अध्यक्षता में मंत्रालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें गुटखा, पान मसाला, सुगंधित तंबाकू, सुपारी, खर्रा और मावा जैसे प्रतिबंधित खाद्य पदार्थों के निर्माण व बिक्री से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की रणनीति पर चर्चा की गई।

### स्टाम्प शुल्क में छूट, 6,343 गरीब परिवारों को राहत

**ठाणे।** ठाणे मनपा क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमज़ोर नागरिकों के लिए बड़ी राहत देते हुए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की है कि जेएनएनयूआरएम और बीएसयूपी योजनाओं के तहत दिए जाने वाले फ्लैटों पर अब स्टाम्प शुल्क में एक प्रतिशत की छूट दी जाएगी और लाभार्थियों से केवल 100 रुपये मासिक शुल्क लिया जाएगा। इससे ठाणे मनपा क्षेत्र के 6,343 गरीब परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा। इससे पहले इन घरों पर मेट्रो सेवा अधिभार के रूप में एक प्रतिशत अतिरिक्त राशि देनी पड़ती थी।

# मुंबई तक पहुंची दिल्ली धमाकों की जांच की आंच



मुंबई से तीन लोग हिरासत में लिए गए, विशेष एप के जरिए आरोपियों के संपर्क में थे

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

दिल्ली बम धमाकों की जांच अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई तक फैल गई है। मंगलवार देर रात एक गुप्त अभियान चलाते हुए जांच एजेंसियों ने वडाला, जकारिया बंदर समेत कई इलाकों से तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया। सूत्रों के अनुसार ये तीनों संदिग्ध सोशल मीडिया और एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से दिल्ली धमाकों के आरोपियों के संपर्क में थे और उनसे जुड़ी पोस्ट लगातार साझा कर रहे थे। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि वे कब से संपर्क में थे और इस तरह की सामग्री साझा करने के पीछे उनका उद्देश्य क्या था। साइबर ट्रैकिंग के दौरान उनकी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर आने के बाद मुंबई पुलिस की सहायता से कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि तीनों उच्च शिक्षित हैं और प्रतिष्ठित परिवारों से आते हैं। इन्हें पूछताछ के लिए दिल्ली भेज दिया गया है, जबकि महाराष्ट्र के अन्य जिलों में भी डिजिटल नेटवर्क से जुड़े ऐसे ही तत्वों की तलाश जारी है।

### सुरक्षा बढ़ी, डिजिटल नेटवर्क पर जांच एजेंसियों की नजर

सूत्रों का कहना है कि जांच दल अब उस मोबाइल एप्लिकेशन की गतिविधियों की भी गहन जांच कर रहा है जिसके माध्यम से संपर्क साधा जा रहा था। डिजिटल ट्रेल्स की गहन पड़ताल कर यह जानने की कोशिश की जा रही है कि इस नेटवर्क की जड़ें कितनी दूर तक फैली हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने के बाद मुंबई में सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। पुलिस भी संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है, ताकि किसी भी तरह की संभावित खतरे की स्थिति को समय रहते रोका जा सके।






# अब 'निःशुल्क' नियमित किए जाएंगे छोटे भूखंड

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**




महाराष्ट्र सरकार ने तुकडेबंदी कानून का उल्लंघन करके हुए छोटे भूखंडों के लेन-देन को अब बिना किसी शुल्क के नियमित और कानूनी दर्जा देने के लिए नई कार्यपद्धति जारी की है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद प्रदेश के लगभग 60 लाख मालमत्ता धारकों तथा 3 करोड़ से अधिक नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे के निर्देश पर विभाग ने सभी प्रशासनिक इकाइयों को छोटे भूखंड नियमित करने के आदेश भेज दिए हैं। अब तक तुकड़ेबंदी कानून के कारण कई भूखंडों पर खरीदारों का नाम सातबारा उतारे पर दर्ज नहीं होता था या "इतर हक्क" में दिखाया जाता था। नई प्रक्रिया के तहत यदि पहले कोई फेरफार रद्द हुआ है तो उसकी दोबारा जांच कर मंजूरी दी जाएगी और खरीदार का नाम कब्जेदार के रूप में दर्ज होगा।

### 1965 से 2024 तक के लेन-देन होंगे वैध

राजस्व विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह प्रक्रिया 15 नवंबर 1965 से लेकर 15 अक्टूबर 2024 तक हुए सभी भूमि लेन-देन पर लागू होगी। इसके लिए राज्य के सभी जिलाधिकारियों, जंत्री आयुक्तों, भूमि अभिलेख विभाग और संबंधित अधिकारियों को निर्देश भेजे गए हैं। 3 नवंबर को इसका राजपत्र भी जारी किया गया है, जिससे प्रक्रिया औपचारिक रूप से लागू हो गई है।

# ड्रग तस्करी मामले में विशेष जांच दल गठित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

दुबई से प्रत्यर्पित किए गए ड्रग माफिया सरगना मोहम्मद सलीम उर्फ सलीम शेख से मुंबई पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। 2.5 करोड़ रुपये के ड्रग्स केस में विशेष जाँच दल (SIT) गठित किया गया है, जिसमें एंटी-नारकोटिक्स सेल और क्राइम ब्रांच के कुल चार अधिकारी शामिल हैं। शेख पर भारत और विदेश में एक बड़े ड्रग नेटवर्क को संचालित करने का आरोप है। पूछताछ में उसने दावा किया कि वह कई मशहूर हस्तियों, राजनेताओं के लिए ड्रग पार्टियों का आयोजन करता था। जांच के दौरान अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, सिद्धार्थ कपूर, निर्माता-निर्देशक अब्बास-मस्तान, पूर्व विधायक जीशान सिद्दीकी, नोरा फतेही, इन्फ्लुएंसर ओरी, दाऊद इब्राहिम की रिश्तेदार हसीना पारकर का बेटा अलीशा पारकर, रैपर लोका समेत कई नाम सामने आए हैं।

**दिग्गज फ़िल्मी हस्तियों से भी होगी पूछताछ**

न्यूज़ ब्रीफ

## एमएमआरडी की इमारतें लौटाने की तैयारी

विनय दूबे | भाईंदर



मीरा-भाईंदर मनपा के आयुक्त/प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने संबंधित विभाग को एमएमआरडीए की रेंटल स्कीम के तहत बनी समृद्धि और सोनम R2 इमारतों की मरम्मत तत्काल पूर्ण करने तथा दोनों इमारतों को पुनः मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण को सौंपने के निर्देश दिए हैं। भाईंदर (पूर्व) के गोल्डन नेस्ट परिसर स्थित सोनम R2 और इंद्रलोक परिसर स्थित समृद्धि इमारतों को कोविड-19 काल में एमबीएमसी ने अस्थायी कोविड सेंटर के रूप में एमएमआरडीए से अधिग्रहित किया था। अब स्थिति सामान्य होने पर इमारतों को पूर्ववत अवस्था में लौटाने हेतु मरम्मत आवश्यक है। पहले मरम्मत की लागत 2 करोड़ 77 लाख 97 हजार 950 रुपए अनुमानित थी, परंतु एमबीएमसी की वित्तीय स्थिति को देखते हुए एमएमआरडीए ने संशोधित बजट के रूप में डेढ़ करोड़ रुपए स्वीकृत कर एमबीएमसी के खाते में जमा कर दिए। विभागीय सूत्रों के अनुसार मरम्मत कार्य प्रगति पर है। 14 मार्च 2024 को मेसर्स देव इंजीनियर्स को मरम्मत कार्य का कार्यादेश जारी किया गया था। कार्य पूर्ण करने की समयसीमा 13 मार्च 2026 निर्धारित है। इसी ठेकेदार को एमबीएमसी क्षेत्र की सभी मनपा इमारतों के रख-रखाव व मरम्मत के लिए 13 करोड़ 87 लाख 83 हजार 889 रुपए का द्विवार्षिक ठेका भी प्रदान किया गया है।

## एक ही ब्रांड हिन्दूह्रदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे हैं, बाकी तो सिर्फ बैंड है: डीसीएम शिंदे



विनय दूबे | भाईंदर

स्व. बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि के अवसर पर हजारों शिवसैनिकों की उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मीरा-भाईंदर में नवनिर्मित हिन्दुहृदयसम्राट स्व. बालासाहेब ठाकरे कलाकेंद्र का भव्य लोकार्पण किया। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के प्रयासों से लगभग 120 करोड़ की लागत से एमबीएमसी द्वारा निर्मित यह कला केंद्र न केवल भव्य और आधुनिक है, बल्कि शहर की एक नई पहचान भी बनने जा रहा है। बालासाहेब ठाकरे के जीवन से जुड़े ऐतिहासिक पल, उनका संघर्ष और सफर आधुनिक तकनीक के माध्यम से जीवंत प्रस्तुत किया गया है। बच्चों के लिए जंगल सफारी, विज्ञान केंद्र, वरिष्ठ नागरिकों के लिए हॉल, छात्रों के लिए अध्ययन कक्ष-पुस्तकालय, आर्ट गैलरी और छोटा थिएटर इस केंद्र का हिस्सा हैं। दादर स्थित खांडके भवन, मातोश्री और शिवसेना भवन की स्मृतियों को भी तकनीक की सहायता से हूबहू पुनर्सृजित किया गया है। 2019 में मीरा रोड के गोल्डन नेस्ट के पास आरक्षित भूखंड पर इस आर्ट गैलरी के निर्माण का निर्णय लिया गया था, लेकिन निधि की कमी के चलते काम शुरू नहीं हो सका। शिवसेना नगरसेवकों ने एमबीएमसी मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन कर निर्माण की मांग रखी थी, जिसके कारण उनके खिलाफ थाने में मामले भी दर्ज हुए थे।

# उल्हासनगर मनपा बनायेगी 3,578 किफायती घर

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर महानगरपालिका ने प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के तहत शहर के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों को किफायती घर उपलब्ध कराने के लिए एक बड़ी आवासीय परियोजना की शुरुआत की है। इसके लिए 3,578 घरों के निर्माण की विस्तृत निविदा जारी की गई है। पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 723 करोड़ 11 लाख 38 हज़ार रुपये तय की गई है।




### सांसद श्रीकांत शिंदे की पहल से विकास कार्यों को गति

सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की पहल पर शहर में कई विकास परियोजनाएँ शुरू की गई हैं, जिनमें सभी सड़कों का कंक्रीटीकरण और अनधिकृत इमारतों के पुनर्विकास का निर्णय शामिल है। इन कदमों से हजारों परिवारों को राहत मिली है। अब आवास की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए यह परियोजना निम्न आय वर्ग के नागरिकों के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और किफायती घर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगी।

### संतोष नगर और प्रेमनगर टेकड़ी में बनेगी नई आवासीय कॉलोनी

इस योजना के तहत उल्हासनगर-4 स्थित संतोष नगर परिसर और उल्हासनगर-5 के प्रेमनगर टेकड़ी क्षेत्र में दो भूखंडों पर 1,789-1,789 मिलाकर कुल 3,578 घर बनाए जाएंगे। इन आवासों के साथ पक्की सड़कें, जल आपूर्ति नेटवर्क, सीवेज प्रणाली, बिजली आपूर्ति, सामाजिक बुनियादी ढांचा और आत्मनिर्भर बस्तियों के लिए जरूरी सभी नागरिक सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा।

### ठेकेदार को मिलेगी इन्फ्रास्ट्रक्चर की संपूर्ण जिम्मेदारी

परियोजना के लिए चुने गए ठेकेदार को सर्वेक्षण, मिट्टी परीक्षण, डिजाइन तैयार करने से लेकर भवन निर्माण तक की संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसके अलावा, आंतरिक और बाहरी दोनों तरह के बुनियादी ढांचे को भी ठेकेदार ही विकसित करेगा।

### PMAY नियमों के तहत पात्र लाभार्थियों को मिलेगा आवास

इन सभी घरों का वितरण प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमों के अनुसार पात्र लाभार्थियों को किया जाएगा। शहर में बढ़ती आबादी और आवास की कमी को देखते हुए यह परियोजना उल्हासनगर के लिए एक बड़े बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# अनमोल म्हात्रे, महेश पाटील, डॉ. सुनीता पाटील सहित कई नेता भाजपा में शामिल

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

डोंबिवली के पूर्व नगरसेवक दिवंगत वामन म्हात्रे के पुत्र अनमोल म्हात्रे, पूर्व नगरसेवक महेश पाटिल, डॉ. सुनीता पाटिल, सायली विचारे सहित शिवसेना शिंदे गुट के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर कल्याण जिलाध्यक्ष नंदू परब, माजी जिल्हाध्यक्ष नरेंद्र सूर्यवंशी, समीर चिटणीस, दीपेश म्हात्रे सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए किया प्रवेश

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए उनके मित्र महेश पाटिल, डॉ. सुनीता पाटिल, सायली विचारे और संजय विचारे ने भाजपा में प्रवेश किया है। उन्होंने बताया कि हिंदुत्व की विचारधारा से प्रेरित इन नेताओं का शामिल होना पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है।

### कार्यकर्ताओं ने कठिन समय में भी निभाया साथ



रविंद्र चव्हाण ने कहा कि इस क्षेत्र के कार्यकर्ता और पदाधिकारी वर्षों से एकजुट होकर मजबूती से काम करते आ रहे हैं। महाविकास आघाडी सरकार के दौरान इन कार्यकर्ताओं को परेशान करने की कोशिश भी हुई, लेकिन सभी ने धैर्य बनाए रखा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विकास को केंद्र में रखकर काम किया जाएगा, और सभी एक साथ रहे तो बेहतर तरीके से प्रगति संभव है।

### बड़ी संख्या में स्थानीय नेता हुए शामिल

अनमोल म्हात्रे के साथ भाजपा में शामिल होने वालों में अश्विनी म्हात्रे, शिवसेना युवा विभाग प्रमुख गजानन जोशी, विभाग अध्यक्ष ओमकार सुर्वे, माधुरी साळुंके, सुषमा सावंत, अलका कोलते, सविताताई शेलार, लक्ष्मीताई रानभरे और श्रद्धा माने शामिल हैं। वहीं, महेश पाटिल और डॉ. सुनीता पाटिल के साथ अण्णा राणे, संजय विचारे, सरिता शर्मा, संगीता अंबरे, आरती चव्हाण, अलका कुळे, छाया कांबळे, ऋषिकेश देशमुख, दीपक पारेख, वसंत सुखदरे, सुनील पाटिल और संदीप तेमुरे सहित कई पदाधिकारी भाजपा में शामिल हुए।

# स्टॉक मार्केट के नाम पर 28 लाख की साइबर ठगी

▸▸ सोशल मीडिया एड्स और WhatsApp ग्रुप के ज़रिए बुज़ुर्ग को बनाया शिकार

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शहर में साइबर ठगों ने एक बुज़ुर्ग नागरिक को स्टॉक मार्केट में 'ज़्यादा रिटर्न' का लालच देकर 28 लाख 5 हज़ार रुपये की भारी ठगी कर ली। यह गिरोह सोशल मीडिया एड्स और WhatsApp ग्रुप्स के माध्यम से झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहा है।

### पुलिस में शिकायत, जांच जारी



घटना का एहसास होने पर पीड़ित ने सेंट्रल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक दीपाली वाघ द्वारा की जा रही है।

### आकर्षक ट्रेडिंग प्लेटफ़ॉर्म और फर्जी स्क्रीनशॉट से जीता भरोसा

उल्हासनगर कैंप-3, C-ब्लॉक के निवासी इंदर खानचंदानी ने सोशल मीडिया ब्राउज़ करते समय एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफ़ॉर्म का विज्ञापन देखा। उन्हें एक WhatsApp ग्रुप में जोड़ा गया, जहां दैनिक कमाई के फर्जी स्क्रीनशॉट, 'मार्गदर्शन' और 'प्रीमियम पैकेज' जैसी बातें दिखाकर उनका विश्वास जीता गया। 'कम इन्वेस्टमेंट पर ज़्यादा रिटर्न' का लालच लगातार दिया जाता रहा।

### लगातार ट्रांजेक्शन कराते गए, वेबसाइट अचानक गायब

21 जुलाई से 14 अगस्त 2025 के बीच ठगों ने खानचंदानी से अलग-अलग खातों में कुल 28,05,000 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। उन्हें बताया गया कि उनका इन्वेस्टमेंट बढ़ रहा है और प्रॉफ़िट तैयार है। लेकिन जैसे ही उन्होंने पैसे वापस मांगे, पूरी टीम गायब हो गई। न फोन, न जवाब—यहां तक कि वेबसाइट भी अचानक बंद कर दी गई।

संगठित अपराध पर लगाम

# डीसीपी सचिन गोरे ने गैंग लीडर 'चिंकू लबाना' और चार अन्य पर लगाया मकोका

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर में लगातार बढ़ रही गैंगवार, वसूली और धमकियों की घटनाओं को देखते हुए पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने एक बड़े कदम के तहत एक आपराधिक गैंग पर महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (MCOCA) लागू कर दिया है। सेंट्रल पुलिस स्टेशन क्षेत्र में विभिन्न आपराधिक मामलों और नागरिकों को धमकियों की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई।

### गैर-कानूनी गतिविधियों से लगातार फायदा उठा रहा था गैंग

पुलिस जांच में यह साबित हुआ कि आरोपी लंबे समय से गैर-कानूनी तरीकों से पैसे वसूलने, दहशत फैलाने और अपने गैंग के विस्तार के लिए अपराध कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने विस्तृत रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी।

### 6 सितंबर 2025 के गंभीर मामले से खुला गैंग का नेटवर्क



यह मामला मूल रूप से 6 सितंबर 2025 को दर्ज हुआ था, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 111(2)(b), 309(6), 311, 61(2), 3(5), आर्म्स एक्ट की धारा 4, 25, क्रिमिनल लॉ (अमेंडमेंट) एक्ट की धारा 7 और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 37(1), 135 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि गैंग का संचालन हरविंदर उर्फ 'चिंकू' अजयसिंह लबाना कर रहा था, जबकि हरदीप उर्फ 'हनी' लबाना, यश उर्फ 'गोलू' जजवंशी और अनिकेत कुरील उसके सक्रिय सदस्य थे।

### शहर में अपराधियों के लिए सख्त चेतावनी

पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में स्पष्ट संदेश गया है कि संगठित अपराध पर किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। पुलिस को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी गिरफ्तारियाँ और कार्रवाइयाँ होंगी। DCP सचिन गोरे ने कहा कि उल्हासनगर में बढ़ते संगठित अपराध को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोपी लंबे समय से गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल थे और नागरिकों में दहशत फैला रहे थे। जांच में मिले सबूतों के आधार पर MCOCA लगाना अनिवार्य था। पुलिस सिस्टम पूरी तरह तैयार है और शहर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सबसे सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों को भरोसा रखना चाहिए कि अपराधियों को किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी।

### MCOCA के तहत कड़ी धाराएँ जोड़ी गईं

रिपोर्ट के अध्ययन के बाद इस मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम, 1999 के तहत धारा 3(1)(ii), 3(2) और 3(4) लागू करने की मंजूरी दी गई। यह मंजूरी 5 नवंबर 2025 को दी गई, जिसके बाद मामला और गंभीर हो गया और इसके लिए विशेष निगरानी शुरू की गई। संगठित अपराध के इस केस की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच को उल्हासनगर के सहायक पुलिस उपायुक्त अमोल कोली को ट्रांसफर किया गया है, ताकि मामले की जांच तेज और प्रभावी तरीके से आगे बढ़ सके।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर शोषण

▸▸ प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज, फरार

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी की 25 वर्षीय युवती ने कोनगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि नासिक के रहने वाले 25 वर्षीय युवक किरण राम पवार ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद उससे प्रेम संबंध बनाए और शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक शोषण किया। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, दोनों के बीच ऑनलाइन जान-पहचान बढ़ने के बाद किरण ने उसे प्रेम और विवाह का भरोसा दिलाया।

### शादी से इनकार के बाद दर्ज हुई शिकायत




शिकायत में कहा गया है कि आरोपी किरण ने 5 मई 2024 से 28 अक्टूबर 2025 के बीच शहाड और नासिक के त्र्यंबक रोड स्थित लॉजों में पीड़िता का शोषण किया। लेकिन जब युवती ने शादी का आग्रह किया, तो उसने इंकार कर दिया। अपने साथ धोखा होने का एहसास होने पर पीड़िता ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। कोनगांव पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# तुर्भे विभाग में 75 अवैध झोपड़ों पर चला बुलडोजर

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई महानगरपालिका ने आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) डॉ. कैलास गायकवाड के मार्गदर्शन में तुर्भे विभाग में बड़े पैमाने पर निष्कासन अभियान चलाया। तुर्भे क्षेत्र में सानपाड़ा गांव तालाब के पास रेल्वे पटरी के किनारे तथा सानपाड़ा सेक्टर-20 स्थित एसटीपी प्लांट के निकट मौजूद अनधिकृत झोपड़ियों को हटाने के लिए 14 और 18 नवंबर 2025 को कार्रवाई की गई। दोनों दिनों में मिलाकर लगभग 75 अवैध झोपड़ियों को हटाया गया।

### अभियान में प्रशासन की व्यापक भागीदारी



इस कार्रवाई के दौरान तुर्भे विभाग के सहायक आयुक्त एवं विभाग अधिकारी सागर मोरे, विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी, अतिक्रमण निर्मूलन पथक के पुलिस अधिकारी/अंमलदार तथा अतिक्रमण विभाग के सुरक्षा रक्षक तैनात रहे। निष्कासन कार्य को प्रभावी बनाने के लिए 1 जेसीबी मशीन और 20 मज़दूरों का उपयोग किया गया। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इसी तरह अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई और अधिक सख़्ती से जारी रहेगी।

# 15 लाख के कपड़े की गांठ से भरा ट्रक चोरी

▸▸ दूसरे दिन घोडबंदर रोड पर मिला ट्रक, लाखों का माल गायब

▸▸ 15 दिन बाद भी पुलिस चोर पकड़ने और माल ढूंढने में रही नाकामयाब

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी ग्रामीण क्षेत्र के राहनाल स्थित मनीभद्र कांप्लेक्स, विष्णु कंपाउंड में 15 लाख रुपये के कपड़े की गांठों से भरा ट्रक रहस्यमय तरीके से चोरी हो गया। घटना 15 दिन पुरानी है, लेकिन नारपोली पुलिस अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।




### कपड़ा मिल से माल लेकर लौट रहा था ट्रक

घटना 29 नवंबर 2025 की है। साईबाबा ट्रांसपोर्ट के मालिक सुजीत नंदलाल नाविक के मुताबिक उनकी टाटा 709 (MH 04 JU 2569) ट्रक को गोवे एमआईडीसी स्थित रेमको सिल्क मिल्स में माल उठाने के लिए लगाया गया था। ड्राइवर राजेश नाविक ने ट्रक में 15 लाख रुपये कीमत के फिनिश कपड़े की गांठ भरकर दापोड़े स्थित कंपनी में पहुंचाना था। रात को मजदूर न मिलने के कारण ट्रक खाली नहीं हो सका, इसलिए उसने मनीभद्र कांप्लेक्स परिसर के सामने ट्रक पार्क कर घर चला गया।

### दो दिन बाद घोड़बंदर रोड पर मिला खाली ट्रक

सूचना के अनुसार चोरी के दो दिन बाद ट्रक घोड़बंदर रोड पर लावारिस हालत में मिला। ट्रक तो बरामद हो गया, लेकिन उसमें भरी कपड़े की सभी गांठें पूरी तरह गायब थीं। पुलिस ने मौके पर पंचनामा किया और वाहन को कब्जे में ले लिया।

### सुबह ट्रक गायब, फिर शुरू हुई तलाश

अगले दिन सुबह 9.30 बजे जब ड्राइवर ट्रक लेने आया, तो ट्रक गायब था। उसने दिनभर अपनी तरफ से तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। 31 नवंबर को मालिक ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उसी दिन ट्रांसपोर्ट ग्रुप के लोगों से सूचना मिली कि ट्रक घोड़बंदर रोड पर खड़ा है।

### माल बरामद नहीं, पुलिस पर लापरवाही के आरोप

ट्रक बरामद होने के बावजूद 15 लाख रुपये का कपड़ा पूरी तरह चोरी हो चुका था। केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस अब तक किसी आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक आकाश पवार कर रहे हैं। ट्रांसपोर्टर्स का कहना है कि पुलिस की धीमी कार्रवाई से चोर बेखौफ होते जा रहे हैं।

# 70 वर्षीय सेवानिवृत्त महिला से 24.60 लाख की ठगी

▸▸ 'धार्मिक अनुष्ठान' के नाम पर गिरोह ने फंसाया, 5 गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर कैंप-4 में 'बागेश्वर धाम' में पूजा और होम-हवन के लिए दान देने के नाम पर 70 वर्षीय सेवानिवृत्त महिला से 24 लाख 60 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। विट्ठलवाड़ी पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं सहित पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। शिकायतकर्ता शकुंतला बुलचंद आहूजा विट्ठलवाड़ी स्थित साईं मेहरवान पैलेस में रहती हैं। पुलिस के अनुसार, करिश्मा नाम की महिला ने उन्हें अकेलेपन का फायदा उठाते हुए किराये पर कमरा दिलाने के नाम पर पहले 10 लाख रुपए नकद ले लिए। इसके बाद 'घर की अव्यवस्था दूर कराने' और 'समस्याओं का समाधान करने' के लिए बागेश्वर धाम में दान करने की सलाह दी।



### सोना, हीरे और नकद मिलाकर कुल 24.60 लाख की ठगी

धार्मिक अनुष्ठान का हवाला देकर आरोपियों ने समय-समय पर महिला से 8 तोला सोने के आभूषण, 10 ग्राम हीरे और बड़ी मात्रा में नकद लिया। आरोपियों ने 'कलश' और 'होम' में सोना डालने का हवाला देकर महिला को विश्वास में लिया।

### विट्ठलवाड़ी पुलिस में शिकायत, गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

होश आने के बाद पीड़िता ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

### बेहोश कर सोने का कड़ा भी छीना

11 नवंबर 2025 को आरोपियों ने महिला को 'बागेश्वर धाम बाबा का प्रसाद' बताकर मिठाई खिलाई, जिसमें सुन्न करने वाली दवा मिलाई गई थी। महिला के बेहोश होते ही उनके हाथ से 20 ग्राम का सोने का कड़ा भी उतार लिया गया।

### पांच आरोपी गिरफ्तार, 7 लाख का माल जब्त

पुलिस उपायुक्त सचिन गोर, एसीपी अमोल कोली और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के निर्देश पर क्राइम ब्रांच टीम ने पाँच आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस ने इनसे करीब 7 लाख रुपए मूल्य का सामान बरामद किया है। बाकी सामान और लेन-देन की जांच जारी है।

चुनावी रणनीति तेज, मीडिया प्रबंधन पर जोर

# मुंबई कांग्रेस के प्रवक्ताओं की सूची जारी


## बीएमसी चुनाव से पहले संगठन ने बढ़ाई तैयारियाँ

धीरज सिंह | मुंबई

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनावों की तैयारी में कांग्रेस ने अपनी रणनीतिक गतिविधियाँ तेज करते हुए प्रवक्ताओं की नई सूची जारी कर दी है। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद वर्षा एकनाथ गायकवाड़ ने सोमवार शाम यह सूची घोषित की। संगठनात्मक मजबूती, मीडिया प्रबंधन और चुनावी संदेश को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से ये नियुक्तियाँ अहम मानी जा रही हैं।

### अनुभवी विधायकों और सक्रिय नेताओं को मिली जगह







जारी की गई सूची में अनुभवी विधायकों, वरिष्ठ नेताओं और सक्रिय पार्टी चेहरों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। नई टीम में विधायक अस्लम शेख, अमीन पटेल, डॉ. ज्योति गायकवाड़, डॉ. अमरजित सिंह मनहास, चरणसिंह सप्रा, अशोक जाधव, आनंद शुक्ला, शीतल म्हात्रे, मोहसिन हैदर, अश्रफ आज़मी, शकील चौधरी, सैयद नासिर हुसैन, निज़ामुद्दीन राईन, अवनीश सिंह, भरत सोनी, विक्रम सिंह ठाकुर, हरगुन सिंह और संदीप कांडके को प्रवक्ता के रूप में शामिल किया गया है।

### बीएमसी चुनावों में अहम भूमिका निभाएगी प्रवक्ता टीम

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि बीएमसी चुनाव शहर की राजनीति में निर्णायक मोड़ साबित हो सकते हैं। ऐसे में पार्टी की विचारधारा, नीतियों और चुनावी मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता के सामने रखने के लिए मजबूत प्रवक्ता टीम की आवश्यकता थी। नई टीम सामाजिक, राजनीतिक और स्थानीय मुद्दों पर कांग्रेस की आवाज को और बुलंद करेगी तथा विपक्ष के आरोपों का तथ्यों के आधार पर जवाब देगी।

### मुख्य प्रवक्ता और मीडिया समन्वयक नियुक्त

कांग्रेस ने अपनी मीडिया टीम को और सशक्त बनाने के लिए वरिष्ठ नेता सचिन सावंत और सुरेशचंद्र राजहंस को मुख्य प्रवक्ता एवं मीडिया समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के अनुसार, इससे चुनावी कैम्पेन में संदेशों की स्पष्टता और मजबूती बढ़ेगी।

### पार्टी की नीतियों को धार देगी यह टीम : गायकवाड़

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि यह टीम पार्टी की नीतियों को धार देगी और जनता के अधिकारों के लिए मजबूती से आवाज उठाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्रवक्ता दल बीएमसी चुनावों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, कांग्रेस की यह नई प्रवक्ता सूची उनकी चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बन गई है।

# फडणवीस सरकार में तकरार

एकनाथ शिंदे को छोड़ कैबिनेट में नहीं शामिल हुए शिवसेना के मंत्री

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल बैठक ने सत्तारूढ़ महायुति के भीतर बढ़ते मतभेदों को उजागर कर दिया। बैठक में शिंदे शिवसेना के कई मंत्री अनुपस्थित रहे, जबकि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्वयं मौजूद थे। माना जा रहा है कि यह कदम भाजपा द्वारा लगातार किए जा रहे पक्षप्रवेश और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में सीट-बंटवारे को लेकर बढ़ती नाराजगी का परिणाम है।



### अजित पवार की संयमित प्रतिक्रिया

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने विवाद पर शांतिपूर्ण प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें मामले की पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि उनके दल के भी कई नेता बैठक में शामिल नहीं हो पाए क्योंकि नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था।

### कैसे फूटा विवाद: मंत्रियों का कैबिनेट बैठक से दूरी बनाना

बैठक मंत्रालय की 7वीं मंजिल पर आयोजित थी, मगर शिंदे गुट के कई मंत्री नीचे 6ठी मंजिल पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय में बैठे रहे। बैठक के बाद इन मंत्रियों ने फडणवीस से मिलकर आरोप लगाया कि भाजपा, विशेषकर मंत्री रविंद्र चव्हाण, "हमारे कार्यकर्ताओं को तोड़कर भाजपा में शामिल करा रहे हैं।" यह स्थानीय स्तर पर हस्तक्षेप का मामला बताया गया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सख्त लहजे में कहा कि, "उल्हासनगर में शुरुआत आप लोगों ने ही की थी। आप करेंगे तो ठीक और बीजेपी करेगी तो गलत—यह नहीं चलेगा।" उन्होंने साफ किया कि अब कोई भी दल दूसरे दल के कार्यकर्ताओं को प्रवेश नहीं देगा। विवाद बढ़ता देख भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर बावनकुळे भी मंत्रालय पहुंचे और उपमुख्यमंत्री शिंदे से बंद कमरे में लंबी बातचीत की।

## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

दूरभाष संख्या: 022-66405250, ई-मेल: eee.east1@gmail.com

संदर्भ संख्या: EE/पूर्व/MSIB/etender/78/2025-26

### ई-निविदा सूचना संख्या: 78

कार्यपालक अभियंता (पूर्व) प्रभाग, मुंबई स्लम सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा संख्या: 536, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051, फ़ोन संख्या: (022) 66405251, संबंधित ठेकेदार वर्ग के पंजीकृत ठेकेदारों या किसी भी सरकारी ठेकेदार /अर्ध-सरकारी संगठन, ऑनलाइन ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से B1 (प्रतिशत दर) के रूप में 08 कार्यों के लिए खुली/नियमित ई-निविदा आमंत्रित कर रहा है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://maha-tenders.gov.in से उपलब्ध और डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज़ वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज़ों की बिक्री दिनांक 19/11/2025, सुबह 10:30 बजे से दस्तावेज़ बिक्री की अंतिम तिथि 26/11/2025, शाम 6:15 बजे तक होगी। शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई हो, केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा सकते हैं। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/981

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
M.S.I.B. बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण

## पश्चिम रेलवे

### विद्युत ऊर्जा कार्य

वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 **निविदा सूचना संख्या: EL-81-925-WA-47(R), दिनांक 17.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** मुंबई मंडल, विद्युत (विद्युत) विभाग के अग्निशामक यंत्रों की पुनःपूर्ति। **कार्य की अनुमानित लागत:** 19,14,888/-। **बयाना राशि:** 38,300/-। **जमा करने की तिथि एवं समय:** 12.12.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समय:** 12.12.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। **0799**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग
### टीबी नियंत्रण इकाई,

एचओ/1142/टीबी दिनांक 14.11.2025

### विज्ञापन

उप-सहायक स्वास्थ्य अधिकारी टीबी नियंत्रण इकाई,बावलवाड़ी, चिंचपोकली (पूर्व) ई वार्ड में अनुबंध के आधार पर 03 (तीन) श्रमिक कर्मचारी उपलब्ध कराने के लिए ।

ई वार्ड के अंतर्गत सहायक स्वास्थ्य अधिकारी टीबी नियंत्रण इकाई, ई वार्ड में पंजीकृत अधिकृत स्थानीय गैर सरकारी संगठनों से, जिन्हें टीबी नियंत्रण इकाई में 04 महीने के लिए अनुबंध के आधार पर 03 (तीन) श्रमिक उपलब्ध कराने का अनुभव हो, प्रस्ताव आमंत्रित करते हैं। इच्छुक गैर सरकारी संगठन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन शुल्क रु. 726/- + 18% जीएसटी 131/- कुल रु. 857/- दिनांक 01.03.2020 से 01.03.2020 तक जमा कर सकते हैं। **18.11.2025 से दिनांक 26.11.2025 तक,** अवकाश को छोड़कर, सभी आधिकारिक कार्यदिवसों में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक, नीचे दिए गए पते पर आवेदन करें। ये आवेदन पत्र सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, टीबी नियंत्रण इकाई के कक्ष में लॉटरी प्रणाली के माध्यम से खोले जाएँगे।

**लॉटरी तिथि - 28.11.2025**

**पता** - सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, टीबी नियंत्रण इकाई
प्रथम तल, बावलवाड़ी,
डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मार्ग,
चिंचपोकली (पूर्व), मुंबई 400012

हस्ता/-
सहायक स्वास्थ्य अधिकारी
टीबी नियंत्रण इकाई

पीआरओ/2260/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

### आक्रामक तेंदुओं की नसबंदी और ड्रोन से निगरानी के आदेश

**मुंबई।** महाराष्ट्र में तेंदुओं के लगातार बढ़ते हमलों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को वन विभाग और संबंधित एजेंसियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। फडणवीस ने कहा कि तेंदुओं के हमलों को 'राज्य आपदा' घोषित करने का प्रस्ताव अगली मंत्रिमंडल बैठक में पेश किया जाएगा। इसके अलावा, तेंदुओं को वन्यजीव संरक्षण



अधिनियम के शेड्यूल-1 से हटाकर शेड्यूल-2 में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने का भी निर्णय लिया गया, ताकि पकड़ने और नियंत्रण संबंधी कार्रवाई आसान हो सके।सरकार ने तेजी से लागू किए जाने वाले कई तात्कालिक उपाय तय किए हैं। इसमें तेंदुओं की लोकेशन ट्रैक करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त गश्त बढ़ाना, अतिरिक्त पिंजरे, रेस्क्यू वाहन और टीमों की संख्या बढ़ाना शामिल है। इन संसाधनों के लिए, जिला नियोजन समिति से फंड जारी करने का निर्देश दिया गया है। दीर्घकालिक समाधान के तहत सरकार ने तेंदुओं को शेड्यूल-1 से बाहर निकालने का प्रस्ताव तैयार किया है, ताकि आदमखोर तेंदुओं पर कार्रवाई में कानूनी अड़चनें न आएं। केंद्र से अनुमति मिलने पर पहचान किए गए तेंदुओं की नसबंदी की जाएगी। पुणे जिले में अगले दो से तीन महीनों में दो नए रेस्क्यू सेंटर शुरू किए जाएंगे, जबकि गोरेवाड़ा समेत मौजूदा केंद्रों की क्षमता तुरंत बढ़ाई जाएगी।

# केतन पारेख को विदेश यात्रा की अनुमति

- 27 करोड़ जमा करने की शर्त रद्द
- यात्रा के अधिकार पर कठोर शर्तें नहीं लगाई जा सकतीं: हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व स्टॉक ब्रोकर केतन पारेख को दो सप्ताह की विदेश यात्रा की अनुमति देते हुए विशेष सेबी अदालत द्वारा लगाई गई 27 करोड़ रुपये जमा करने की शर्त को खारिज कर दिया। अदालत ने केवल 5 लाख रुपये की सुरक्षा राशि जमा करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एन. जे. जमादार की एकल पीठ ने कहा कि यात्रा के अधिकार पर अनुचित और अत्यधिक प्रतिबंध नहीं लगाए जा सकते।

### यात्रा का अधिकार 'व्यक्तिगत स्वतंत्रता' का हिस्सा: कोर्ट



पीठ ने अपने आदेश में कहा कि विदेश यात्रा का अधिकार जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अंग है। ऐसे में किसी आरोपी के खिलाफ मुकदमा लंबित होने के बावजूद, अत्यधिक कठोर शर्तों के माध्यम से इस अधिकार को समाप्त नहीं किया जा सकता।

### विशेष सेबी अदालत की शर्त को बताया 'मनमाना'

अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि 27 करोड़ रुपये जमा करने की शर्त यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नहीं लगाई गई थी कि पारेख सुनवाई में उपस्थित रहें या जमानत की अन्य शर्तों का पालन करें। इसके चलते ऐसी शर्तों को अनुचित और मनमाना माना गया। केतन पारेख 2000-01 के बड़े प्रतिभूति धोखाधड़ी मामले में कथित भूमिका के चलते 14 साल तक शेयर बाजार से प्रतिबंधित रहे हैं।

## मध्य रेल
### सोलापुर मंडल
### ई-निविदा सुचना

**निविदा सूचना संख्या: एन-टी-2025-26-24. Date:-18.11.2025.** भारत के राष्ट्रपति की ओर से डीआरएम (एस एंड टी) कार्यालय, मध्य रेलवे, सोलापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों/ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: **इलाके के साथ काम का नाम:** मध्य रेलवे के सोलापुर डिवीजन में सर्ज प्रोटेक्शन उपकरणों के प्रावधान और अर्थ कनेक्शनों की बॉन्डिंग के साथ एस एंड टी प्रतिष्ठानों में अर्थिंग का उन्नयन और संवर्धन करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 4,65,94,816.74/-. **टेंडर फॉर्म की कीमत :** शुन्य. **जमा की जाने वाली धरोहर राशि:** ₹ 3,83,000/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 महीने. **निविदा के समापन की तिथि और समय: 10.12.2024** after **15.30 hrs.** विवरण i r e p s वेबसाइट में उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा. केवल ऑनलाइन निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी. मैनुअल / डाक / ई-मेल, फैक्स, हस्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी. बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे कंपनी के नाम के साथ तृतीय श्रेणी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और इसे **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत करें। बयाना राशि का भुगतान (ईएमडी) केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें.

**म.रे.प्र.- एस एंड टी शाखा**
Akar/Sur-72 **मध्य रेल, सोलापुर**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### बृहन्मुंबई मनपा लोकमान्य तिलक सामान्य चिकित्सालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय, शिव, मुंबई - 22.

सं. एल.टी.आर./ईटी-17 / निविदा तिथिः 18-11-25

### ई-निविदा सूचना

यह एक ई-निविदा सूचना है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के आयुक्त नीचे दर्शाए अनुसार तीन पैकेट प्रणाली के माध्यम से ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं।

**बोली संख्या: 2025_MCGM_1245778_1**

**विवरण** - एल.टी.एम.एस. चिकित्सालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय में अस्थि रोग विभाग के लिए स्पाइनल उपकरण मात्रा 01 सेट की खरीद हेतु महाटेंडर्स वेब पोर्टल के माध्यम से ई-निविदाएँ आमंत्रित करने के संबंध में।

| ई-निविदा शुल्क (रु.) | बोली की राशि | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| रु. 3,630 - 18% जीएसटी सहित | 40,000/- | 19.11.2025, शाम 4:00 बजे | 27.11.2025, शाम 4:00 बजे |

इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे निविदा की अधिक जानकारी के लिए महापोर्टल की वेबसाइट http//www.mahatenders.gov.in देखें। डाक द्वारा भेजे या प्राप्त किए गए निविदा दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएँगे।


हस्ता/-
डीन

पीआरओ/2277/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

# मुंबई के सभी फ्लाईओवर की रिपेयरिंग पूरी करने का आदेश

दीपक पवार | मुंबई



डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे ने निर्देश दिया है कि शहर के सभी फ्लाईओवरों की रिपेयरिंग तुरंत शुरू की जाए और सड़कों की सतह पर नई लेयर (रीसरफेसिंग) बिछाई जाए। उन्होंने साफ कहा कि यह काम फरवरी तक हर हाल में पूरा होना चाहिए। शिंदे अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की बैठक में बोल रहे थे, जहां फ्लाईओवरों की मौजूदा स्थिति और मरम्मत कार्य की समीक्षा की गई।

### क्वालिटी कंट्रोल सेल और तेज मॉनिटरिंग पर जोर

डिप्टी सीएम शिंदे ने अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट को एक्सपर्ट्स की टीम वाला एक क्वालिटी कंट्रोल सेल बनाने का निर्देश दिया, जो रिपेयर कार्य की मॉनिटरिंग करेगा। बैठक में डिप्टी सीएम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी नवीन सोना, MSRDA के MD अनिल कुमार गायकवाड़ समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुंबई म्युनिसिपल कमिश्नर भूषण गगरानी और MMRDA कमिश्नर डॉ. संजय मुखर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया।

## मध्य रेल
### सोलापुर मंडल
### ई-निविदा सुचना

**निविदा सूचना संख्या: सोला-एन-टी-2025-26-25. Date:-18.11.2025.** भारत के राष्ट्रपति की ओर से डीआरएम (एस एंड टी) कार्यालय, मध्य रेलवे, सोलापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है.: **इलाके के साथ काम का नाम:** मध्य रेलवे के सोलापुर डिवीजन में वाड़ी जंक्शन और सोलापुर स्टेशन पर दोहरी पहचान के रूप में एमएसडीएसी का प्रावधान करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 15,62,85,667.11/-. **टेंडर फॉर्म की कीमत :** शुन्य. **जमा की जाने वाली धरोहर राशि:** ₹ 9,31,400/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 महीने. **निविदा के समापन की तिथि और समय: 12.12.2025** after **15.30 hrs.** विवरण i r e p s वेबसाइट में उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा. केवल ऑनलाइन निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी. मैनुअल / डाक / ई-मेल, फैक्स, हस्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी. बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे कंपनी के नाम के साथ तृतीय श्रेणी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और इसे **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत करें। बयाना राशि का भुगतान (ईएमडी) केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें.

**म.रे.प्र.- एस एंड टी शाखा**
Akar/Sur-71 **मध्य रेल, सोलापुर**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## मध्य रेल
### पावर केबलों की मरम्मत और पुनर्स्थापना

**खुली निविदा सूचना स. BB.LD.583. P. Rev. 25/06. ContR1, दिनांक 17.11.2025. कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन में दो वर्ष के लिए 110KV / 66 KV के पावर केबलों की मरम्मत और पुनर्स्थापना। **अनुमानित लागत:** रु. 87,35,186/-. **बिड सिक्योरिटी:** रु. 1,74,700/-. **ऑफर की वैधता:** 90 दिन। **समापन अवधि:** 24 महीने। **निविदा फार्म का मूल्य:** ₹ 0/-. **I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय: दिनांक 12.12.2025 को 11:00 बजे तक, और 11:00 बजे के बाद खोला जाएगा। II)** शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। **III)** केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है । हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। **IV)** निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। **V)** अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई - 400001. फोन 022-22612355. निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई - 400001 के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है। **AK-666**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

SRA/CO/OW/2025/४६५५१ सहकार कक्ष, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई
जा.क्र. झोपुप्रा/सनिरा/कार्यासन-१/टे.सी. 4/सन २०२५/ दिनांक : १७/११/२०२५

### सर्वसाधारण सभेची नोटीस

**अभिनव एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था (नियोजित)** न.भू.क्र. ६१० अ/१/१अ (भाग), मोजे मालाड (पूर्व), ता. बोरीवली, इंदिरा नगर, पठाणवाडी, राणीसाती मार्ग, मालाड (पुर्व), मुंबई-४०० ०९७. या संस्थेचा प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १४४ (ड) नुसार प्रस्ताव या विभागास प्राप्त झालेला आहे. सदर प्रस्तावाच्या अनुषंगाने सर्वसाधारण सभा आयोजित करण्यासाठी मा. सहाय्यक निबंधक, (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई यांचेकडील दिनांक २८.१०.२०२५ रोजी नियुक्ती पत्राव्दारे मी, निम्नस्वाक्षरी माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती केलेली आहे.

त्यानुसार सदरहू संस्थेची सर्वसाधारण सभा **बुधवार, दिनांक ०३/१२/२०२५ रोजी सकाळी १०:०० वाजता, पत्ता : क्लासिक फुड कोर्ट, गाला नं. २, मिरा नगर, जनरल ए. के. वैद्य मार्ग, निअर दिंडोशी कोर्ट, मालाड (पूर्व), मुंबई-४०० ०९७.** येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे. सदरील सभेत खालील विषयावर चर्चा होवून निर्णय घेण्यात येणार आहे. तरी सदर सभेस संबंधित झोपडीधारकांनी उपस्थित रहावे ही विनंती.

**-: सभेचे विषय :-**

१) मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची निवड करणे.
२) नियोजित संस्थेसाठी विकासक व वास्तुविशारद यांची निवड करणे.

**ठिकाण : मुंबई**
**दिनांक : १७/११/२०२५**

सही/-
**(अरुण जाधव)**
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी श्रेणी- १,
झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई.

**सूचनाः-** मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक निवडणूकीचा कार्यक्रम खालीलप्रमाणे राहील.

| अ.क्र. | वेळ | विषय |
|---|---|---|
| १) | सभेच्या दिलेल्या वेळेपासून अर्धा तास | मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांच्यासाठी नामनिर्देशन अर्ज दाखल करणे. |
| २) | 15 मिनिटे | आलेल्या अजर्जाची छाननी करणे. |
| ३) | 15 मिनिटे | नामनिर्देशन पत्र परत घेणे. |
| ४) | 15 मिनिटे | पॅनलची मागणी करणे. |
| ५) | पुढील अर्धातास | चिन्ह वाटप करणे. |

- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक या पदासाठीचे विहीत अर्ज प्राधिकृत अधिकारी यांच्याकडे उपलब्ध असतील.
- मुख्यप्रवर्तक पदासाठी एक मतपत्रिका व प्रवर्तक मंडळातील सदस्यांगाठी एक मतपत्रिका अशा एकूण ०२ मतपत्रिका राहतील.
- विषय पत्रिकेवरील विषय क्र. १ नुसार मुख्यप्रवर्तकाची निवड होईपर्यंत सभेचे प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष म्हणून काम पाहतील त्यानंतर मुख्यप्रवर्तक हे सभाअध्यक्ष म्हणून काम पाहतील. (सदरील सभेत विषयपत्रिकेवर दिलेल्या विषयाशिवाय अन्य विषयावर चर्चा करता येणार नाही)
- संस्थेने दिनांक ०६/०७/२०२४ रोजी सभेमध्ये नियुक्त विकासक व वास्तुविशारद यांना सहमती आहे किंवा कसे ? याबाबत पडताळणी करणेकरीता मतदान घेण्यांत येईल, संबंधित विकासक व वास्तुविशारद यांनी सदरह पुनर्वसन योजनेचे काम करण्यास सहमती असल्याबाबत संमतीपत्र सभेच्यावेळी सादर करणे आवश्यक राहील.
- सभेस नियोजित संस्थेच्या प्रारुप परिशिष्ट- २ मधील झोपडीधारक पती / पत्नी या दोघांपैकी एकाच व्यक्तीस उपस्थित राहता येईल. इतर नातेवाईकांना अथवा प्रतिनिधींना उपस्थित राहता येणार नाही.
- प्रारुप परिशिष्ट- २ मधील व्यक्तींनी स्वतःची ओळख होईल अशा ओळखपत्रासह (आधार कार्ड / निवडणूक ओळखपत्र / पॅनकार्ड इत्यादी) उपस्थित रहावे.
- संस्थेच्या प्रारुप सभासदांना सभागृहात प्रवेश देतेवेळी त्यांनी त्यांची ओळख पटवून सभेच्या उपस्थिती नोंदवहीत स्वाक्षरी करुन व बायोमॅट्रीक पध्दतीने उपस्थिती नोंदविल्यानंतरच सभागृहात प्रवेश दिला जाईल.
- सभेच्या कामकाजाचे प्राधिकरणामार्फत व्हिडीओ चित्रिकरण करण्यात येईल.
- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची एकूण संख्या सहकारी गृहनिर्माण संस्थांच्या आदर्श उपविधीमध्ये निश्चित केल्याप्रमाणे राहील.
- सदरहू सभेची नोटीस संस्थेच्या सर्व पात्र झोपडीधारकांना पोहोच करण्याची जबाबदारी सर्वस्वी संस्थेची राहिल.

**प्रशासनिक भवन, अनंत कानेकर मार्ग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051**
दूरभाषः 26565800/26590405/1879, फैक्सः 91-22-26590457,
वेबसाइटः www.sra.gov.in, ईमेलः info@sra.gov.in

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज संख्या | 2025_MCGM_1247778_1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | एमएचओ के पुराने भवन, प्रथम तल स्थित निगम हॉल में ऑडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम बदलने के कार्य हेतु ई-निविदा। |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | निविदा मद दर |
| निविदा शुल्क | रु. 7,260/+18% जीएसटी |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | 33,900.00 |
| निविदा जारी करने की तिथि (आरंभ तिथि) | 19.11.2025 प्रातः 09.00 बजे |
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि और समय | 01.12.2025 प्रातः 16.00 बजे |
| पैकेट A, B और C (ऑनलाइन) जमा करना | 01.12.2025 प्रातः 16.00 बजे |
| बोली-पूर्व बैठक | एन.ए. |
| तकनीकी पैकेट (A और B) खोलना | 02.12.2025 प्रातः 16.00 बजे |
| वाणिज्यिक पैकेट (C) खोलना | बाद में घोषित किया जाएगा |
| संचार हेतु पता | कार्यालयः- कार्यपालक अभियंता (मुख्यालय) भूतल, बीएमसी मुख्य भवन। फोर्ट, मुंबई-400001 |
| बोली खोलने का स्थान | कार्यालय में ऑनलाइनः कार्यपालक अभियंता (मुख्यालय), भूतल, बीएमसी मुख्य भवन, फोर्ट, मुंबई-400001 |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
बीएमसी उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन किया जाएगा और रसीद की प्रति पैकेट 'ए' में जमा की जाएगी।

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (मुख्यालय)

पीआरओ/2290/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## संपादकीय

# न्यायसंगत आरक्षण

बे हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर सिद्धांत का समर्थन करने से एक महत्वपूर्ण तार्किक चर्चा फिर से प्रारंभ हो गई है। जिसका मकसद है कि कैसे सकारात्मक पहल करके आरक्षण के उद्देश्य को अधिक न्यायसंगत, लक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है। वास्तव में उनकी पहल का मकसद संवैधानिक सुरक्षा को कमजोर करने का नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें वास्तव में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यानी कि अनुसूचित जाति समुदाय के सबसे गरीब, सामाजिक रूप से सबसे अधिक वंचित और आरक्षण के लाभ में सबसे कम प्रतिनिधित्व करने वाले वर्ग को लाभ पहुंचाने का मकसद पूरा करना। बहुत संभव है कि मुख्य न्यायाधीश के इस विचार से असहमति के तर्क दिये जाएं। वास्तव में, देश में दशकों से आरक्षण की बहस कोटा बढ़ाने पर केंद्रित रही है, लेकिन उनके न्यायसंगत वितरण की दिशा में पर्याप्त पहल नहीं हो पायी है। निर्विवाद रूप से अनुसूचित जाति समुदाय के एक छोटे, अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक-सामाजिक स्थिति वाले वर्ग ने ही बार-बार शिक्षा और सरकारी रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया है। वहीं दूसरी ओर पीढ़ी दर पीढ़ी अभावों के भंवर-जाल में फंसे परिवार-मसलन श्रमिक, सफाई कर्मचारी, भूमिहीन मजदूर परिवार लगातार हाशिये पर ही बने हुए हैं। यदि आरक्षण का मूल उद्देश्य संरचनात्मक असंतुलन को ही ठीक करना है तो इसके लाभ सीमित दायरे के लोगों को ही नहीं मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ओबीसी वर्ग के लिये यह प्रावधान सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। इसमें दो राय नहीं कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत आरक्षण लाभ में इस तरह के एकाधिकार को रोकने का एक सशक्त साधन है। इस प्रावधान का वंचित अनुसूचित जातियों तक विस्तार करना एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करता है कि सामाजिक गतिशीलता, हालांकि सीमित स्तर पर कुछ ही लोगों के लिये संभव हुई है। साथ ही अवसरों के अधिक न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करने के लिये नीति को अनुकूलित किया जाना वक्त की जरूरत है। वास्तव में वर्तमान स्थिति आरक्षण के न्यायसंगत लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाने में तार्किक नजर नहीं आती। जब किसी आईएएस अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी का बच्चा सामाजिक रूप से हाशिये पर गए वर्ग के किसी व्यक्ति के मुकाबले समान लाभों का दावा करना जारी रखता है तो इससे लक्षित उद्देश्य कमजोर हो जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्रीमी लेयर को बाहर करने पर उनके जातिगत भेदभाव होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन यह केवल यही दर्शाता है कि किसी भी ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित समूह के भीतर, वंचितता की स्थिति अलग-अलग होती है। ऐसी अवस्था में, सबसे निचले स्तर के लोग राज्य के संरक्षण पाने के लिये प्राथमिकता के हकदार हैं। निश्चित रूप से स्पष्ट मानदंड, सामाजिक पिछड़ेपन का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने और दुरुपयोग को रोकने के लिये कारगर सुरक्षा उपाय होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणी इस बात की ही परिचायक है कि सामाजिक न्याय का विस्तार होना चाहिए। अनुसूचित जातियों के आरक्षण से क्रीमी लेयर को सोच-समझकर बाहर करने से समानता के संवैधानिक वायदे की पुष्टि हो सकती है। इस पहल के विरोध में यह तर्क दिया जा सकता है यदि अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण के उपवर्गीकरण को मान्यता दी जाती है, तो पहले इससे लाभान्वित लोगों को सुरक्षा कवच न मिल सकेगा।

## शख्सियत | इंदिरा गांधी

# शक्तिशाली नेतृत्व की प्रतीक



इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी (19 नवंबर 1917 – 31 अक्टूबर 1984) भारत के राजनीतिक इतिहास की सबसे प्रभावशाली और दृढ़निश्चयी नेताओं में से एक थीं। उन्होंने 1966 से 1977 तक लगातार और फिर 1980 से अपनी हत्या तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वे न केवल भारत की पहली बल्कि 2025 तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रमुख नेता होने के साथ-साथ वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक सशक्त हस्ताक्षर थीं।

इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को ब्रिटिश शासनकाल के दौरान इलाहाबाद (आज का प्रयागराज) में कश्मीरी पंडित परिवार में हुआ। उनका परिवार राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से काफी चर्चित और सक्रिय था। उनके पिता जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे। उनकी माँ कमला नेहरू एक संवेदनशील और देशहित में समर्पित महिला थीं, लेकिन बीमारी के कारण अधिकतर समय कमजोर रहती थीं।
इंदिरा अपने माता-पिता की एकमात्र जीवित संतान थीं। उनका एक छोटा भाई भी था, जिसका बचपन में ही निधन हो गया। उन्होंने अपना बचपन आनंद भवन में बिताया, जहां राष्ट्रीय स्तर के कई राजनीतिक नेता आते-जाते थे। 1930 में उनके परिवार ने इस हवेली को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को दान कर दिया और इसका नाम बदलकर 'स्वराज भवन' रख दिया। यही वातावरण इंदिरा के भीतर राजनीति, स्वतंत्रता और राष्ट्रवाद के प्रति गहरी भावना विकसित करता गया।
उनके पिता स्वतंत्रता आंदोलन के कारण अक्सर जेल में रहते थे। दूसरी ओर उनकी माँ बीमारी से जूझती रहीं, जिसका गहरा भावनात्मक प्रभाव इंदिरा के स्वभाव और जीवन पर पड़ा।
अपने पहले कार्यकाल (1966–1977) के शुरुआती वर्षों में कुछ लोग उन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की कठपुतली समझते थे। लेकिन समय के साथ उन्होंने स्वयं को एक अत्यंत दृढ़ और निर्णयकारी नेता के रूप में स्थापित किया। उनकी राजनीतिक शैली में कड़ा निर्णय लेना, स्पष्ट नीति अपनाना और चुनौतियों का डटकर सामना करना मुख्य विशेषताएं थीं।
इंदिरा गांधी की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है—1971 का भारत-पाक युद्ध, जिसमें भारत ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस युद्ध में भारत की निर्णायक जीत ने इंदिरा गांधी की छवि को वैश्विक स्तर पर भी एक मजबूत नेता के रूप में स्थापित कर दिया। उनकी लोकप्रियता इतनी अधिक थी कि 1977 में कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. बरुआ ने कहा था, "भारत इंदिरा है और इंदिरा भारत है।"
1975 में लगाए गए आपातकाल ने उनकी छवि को कुछ विरोधों के कारण झटका दिया, लेकिन 1980 में वे फिर से पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लौट आईं। हालांकि 1980 के दशक में पंजाब में उग्रवाद बढ़ने लगा और परिस्थितियाँ इतनी बिगड़ीं कि 1984 में 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' करना पड़ा, जिसमें सेना ने स्वर्ण मंदिर परिसर से उग्रवादियों को बाहर निकाला।
इस कार्रवाई से पूरे सिख समुदाय में आक्रोश फैल गया। इसी पृष्ठभूमि में 31 अक्टूबर 1984 को उनके अपने ही दो सिख अंगरक्षकों—सतवंत सिंह और बेअंत सिंह—ने नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास के बगीचे में उन पर गोली चला दी।
वे सुबह फिल्म निर्माता पीटर उस्तीनोव को साक्षात्कार देने जा रही थीं। जब वे एक छोटे गेट से गुजर रही थीं, तभी उन पर हमला हुआ। बेअंत सिंह ने नजदीक से तीन गोलियां चलाईं और सतवंत सिंह ने अपने हथियार से कई राउंड फायर किए। गोलीबारी के बाद दोनों ने हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर दिया। बाद में बंद कमरे में हुई मुठभेड़ में बेअंत सिंह की मृत्यु हो गई, जबकि सतवंत सिंह को अदालत ने मृत्यु दंड दिया।
इंदिरा गांधी भारतीय राजनीति का एक ऐसा अध्याय हैं, जिसे उनकी दृढ़ नेतृत्व क्षमता, कठोर फैसले, देशहित पर अपना ठोस रुख और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मजबूत पहचान के रूप में याद किया जाता है।

# बिहार में भाजपा की जीत से राजनीति पर असर



कांतिलाल मांडोत
जलवंत टाऊनशिप पूणा बॉम्बे मार्केट,
वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार-स्तम्भकार

भारत की राजनीति में बिहार हमेशा से एक निर्णायक और रणनीतिक राज्य रहा है। जातीय संरचना, सामाजिक समीकरण, विकास का विमर्श और स्थानीय नेतृत्व की भूमिका।इन सबके कारण बिहार के परिणाम अक्सर पूरे देश के राजनीतिक मानस को प्रभावित करते रहे हैं। हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। 243 सीटों वाले सदन में भाजपा का इस तरह से भारी बहुमत लेकर आना केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की राजनीतिक दिशा और राष्ट्रीय वातावरण का संकेत भी है। बिहार में नीतीश को लेकर हमेशा चर्चा में रहा है।इस जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, के प्रति जनविश्वास को पुनः प्रमाणित किया है। साथ ही, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन की मजबूती ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र और राज्य के बीच तालमेल विकास की रफ्तार तय करता है। यह विजय केवल राजनीतिक नहीं, बल्किप्रशासनिक और जन-कल्याणकारी नीतियों की स्वीकृति के रूप में भी देखी जा रही है।भाजपा की क्यों है यह इतनी महत्वपूर्ण?बिहार में




भाजपा की भारी जीत के कई महत्वपूर्ण कारण हैं, जिनके पूरे राज्य की राजनीति का नया मार्ग निर्धारित किया है।जन-आधार और कैडर की मजबूती,भाजपा पिछले एक दशक से बिहार में अपनी संगठनात्मक जड़ें मजबूत कर रही थी। बूथ प्रबंधन, पन्ना प्रमुख मॉडल और सतत जनसंवाद ने पार्टी को गांव-गांव तक मजबूत नेटवर्क दिया। यह चुनाव उस आधार का प्रत्यक्ष परिणाम था।
विकास और सुरक्षा का मुद्दा जोर से चलाया गया।बिहार में वर्षों से कानून-व्यवस्था, रोजगार, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दे हमेशा चर्चा में रहे हैं। भाजपा ने कठिन परिस्थितियों में भी केंद्र से बिहार को विशेष सहायता दी थी।सड़क परियोजनाएँ, रेल कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे,
स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा,
स्टार्टअप और उद्योग सम्बर्धन।
इन सबने जनता के बीच विश्वास निर्माण किया कि स्थिर सरकार के साथ विकास तेजी से संभव है।मोदी फैक्टर नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता आज भी कई राज्यों में निर्णायक कारक है। बिहार में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं ने चुनाव को मोदी के नेतृत्व पर विश्वास के रूप में देखा।
मोदी का संदेश विकसित बिहार–विकसित भारत—सीधे जनता की आकांक्षाओं से जुड़ा मुद्दा चर्चित रहा।नीतीश कुमार और भाजपा की जोड़ी साख स्थिरता का समीकरण है। नीतीश कुमार भारत के सबसे अनुभवी मुख्यमंत्रियों में से एक हैं। शासन, प्रशासन और सुशासन के उनके मॉडल को देश ने कई बार सराहा है।
भाजपा–जदयू गठबंधन को जनता ने इसलिए स्वीकार किया क्योंकि इसमें अनुभव , नवोन्मेष का संतुलन था।नीतीश कुमार की प्रशासनिक साख औरमोदी सरकार की नीतिगत विश्वसनीयतादोनों साथ आए।इस गठबंधन की जीत यह संकेत देती है कि बिहार की जनता स्थिरता चाहती है। विकास कार्य रुकें नहीं, योजनाओं का प्रवाह बना रहे और केंद्र–राज्य संबंध सुचारु रहें।यही जनइच्छा इस भारी जनादेश के रूप में सामने आई है।केंद्र और राज्य पर इसके प्रभाव इस परिदृश्य का असर न केवल बिहार पर पड़ेगा बल्कि केंद्र सरकार के निर्णयों, राष्ट्रीय राजनीति और भविष्य की योजनाओं पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव दिखेगा।केंद्र का राजनीतिक स्वास्थ्य और मजबूती भाजपा की इस भारी जीत ने यह साबित किया है कि जनता अब भी केंद्र सरकार की नीतियों पर चल रही है।इंफ्रास्ट्रक्चर विकास,डिजिटल भारत,सामाजिक सुरक्षा,गरीब कल्याण योजनाओं,वैश्विक स्तर पर भारत की स्थितिसे संतुष्ट है।
यह जीत राजनीतिक विपक्ष को भी नया संदेश देती है कि जनता राष्ट्रहित और विकास के मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ी है।
राज्य सरकार की कार्यक्षमता में वृद्धि देखी जा रही है।केंद्र के साथ बेहतर तालमेल मिलने अधूरी परियोजनाएँ तेजी से पूरी होंगी,फंडिंग में बाधाएँ कम होंगी, बड़ी योजनाओं पर तेजी आएगी।
नीतीश-मोदी तालमेल से बिहार की अपेक्षाएँ और बढ़ गई हैं। अब अधूरे कार्य होंगे पूर्ण और बिहार अब जरूर बदलेगा।
जनादेश ने सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है।"विकास को गति दीजिए, रुकी हुई योजनाएँ पूर्ण कीजिए। सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे
गंगा ब्रिज, पटना मेट्रो, बिहार एक्सप्रेसवे, दिल्ली–कोलकाता कॉरिडोर जैसी बड़ी परियोजनाएँ अब और तेज गति से आगे बढ़ेंगी।उद्योग और निवेशभाजपा सरकार की डबल इंजन नीति से
औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार
रोजगार सृजन,स्टार्टअप पारिस्थिति तंत्र,कौशल विकास
में अभूतपूर्व प्रगति होने की संभावना है।शिक्षा और स्वास्थ्य
केंद्र की योजनाओंऔर आईआईटी, आईआईएम, एम्स विस्तार, नई स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी।
किसान और ग्रामीण विकास
पीएम-किसान, सिंचाई, कृषि बाजार, जैविक खेती और ग्रामीण सड़क योजना जैसे कदमों से ग्रामीण बिहार को लाभ होगा।बिहार के परिणाम केवल एक राज्य तक सीमित प्रभाव नहीं रखते। यह राजनीतिक संदेश है कि जनता अब भी विकास आधारित राजनीति चाहती है।गठबंधन टिके रहने चाहिए,विपक्ष को अपनी रणनीति बदलनी होगी।
यह जीत उत्तर भारत के कई राज्यों में भाजपा के लिए मनोबल बढ़ाने वाली है। बिहार का यह परिणाम केवल स्थानीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चुनावी परिदृश्य को प्रभावित करने वाला है।

## जीवन मंत्र

# कठिन दौर हमेशा नहीं रहता, आगे उजाला जरूर आता है

जब अपने भी पराये जैसे लगते हैं, और जब मन करता है कि बस सब कुछ छोड़ दें तब इंसान खुद से एक ही सवाल करता है क्या ये सब कभी ठीक होगा? लेकिन सच यही है मुश्किल समय हमें निखारता है, तोड़ता नहीं। वह हमें हमारी असली ताकत दिखाता है, जो सामान्य दिनों में कभी नज़र नहीं आती।

कठिन समय जीवन का एक ऐसा अध्याय होता है जो व्यक्ति की धैर्य, समझ और सहनशीलता की सबसे कठोर परीक्षा लेता है। जब समस्याएँ एक साथ सामने आती हैं—आर्थिक संकट, व्यक्तिगत संघर्ष, रिश्तों में तनाव, करियर की अनिश्चितता या आत्मविश्वास का टूटना—तब ऐसा लगता है जैसे अंधेरा हर दिशा से घेर रहा है। उस समय इंसान अक्सर खुद को अकेला, असहाय और थका हुआ महसूस करता है। लेकिन जीवन का यह अंधकार स्थायी नहीं होता, क्योंकि प्रकृति का नियम ही यह है कि हर रात के बाद सुबह होती है। जिस प्रकार सूर्य हर दिन अंधेरे को मिटाकर रोशनी देता है, उसी प्रकार कठिनाइयों के बाद जीवन में भी नई आशा और नई शुरुआत का उजाला अवश्य आता है।
जब कोई व्यक्ति कठिन दौर से गुजर रहा होता है, तो उसे लगता है कि यह स्थिति कभी खत्म नहीं होगी, और वह निराशा में डूबने लगता है। लेकिन यह समझना आवश्यक है कि मुश्किलें हमें रोकने के लिए नहीं आतीं, बल्कि हमें मजबूत बनाने के लिए आती हैं। जिस तरह लोहे को तपाकर ही उसे तलवार बनाया जाता है, उसी तरह जीवन की चुनौतियाँ



हमें भीतर से मजबूत, समझदार और अनुभवी बनाती हैं। आज जो दर्द हमें असहनीय लगता है, वही कल हमारी सबसे बड़ी ताकत बन जाता है। कठिन समय हमें अपनी कमजोरियों से परिचित कराता है और हमें सिखाता है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कितना साहस, धैर्य और विश्वास चाहिए।
जीवन का हर अंधेरा समय अपने साथ एक सीख भी लाता है। यह सीखता है कि किन संबंधों पर हमें भरोसा करना चाहिए, हमारी असली प्राथमिकताएँ क्या हैं और किस दिशा में हमें आगे बढ़ना चाहिए। कई बार ऐसा भी होता है कि मुश्किल वक्त के कारण ही हम सही रास्ता पहचान पाते हैं, या जीवन में ऐसा अवसर मिलता है जिसे हम पहले देख भी नहीं पाते थे। चुनौतियाँ हमें रुकने का संकेत नहीं देतीं; वे हमें दिशा बदलने, अपने अंदर झांकने और नई संभावनाओं को खोजने के लिए प्रेरित करती हैं। इस प्रकार, कठिन समय वह पुल बन जाता है जिसके सहारे हम बेहतर भविष्य तक पहुँचते हैं।
कठिन दौर का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह हमारी सोच और आत्मविश्वास को परखता है। जब हम टूटने के कगार पर होते हैं, और फिर भी एक छोटा कदम आगे बढ़ाते हैं, तो वही कदम आगे चलकर बड़ी उपलब्धि में बदल जाता है। जो लोग अपनी परिस्थिति से लड़ते हुए आगे बढ़ते हैं, वही अंत में विजेता कहलाते हैं।


## जीवन ऊर्जा

**पीटर ड्रूक्कर : जन्म- 19 नवंबर 1909** | **जन्म**

# अपने भविष्य को बनाने का सबसे अच्छा तरीका है उसे खुद बनाना

पीटर फर्डिनेंड ड्रकर (19 नवंबर, 1909 – 11 नवंबर, 2005) एक ऑस्ट्रियाई-अमेरिकी प्रबंधन सलाहकार, शिक्षक और लेखक थे, जिनके लेखन ने आधुनिक प्रबंधन सिद्धांत की दार्शनिक और व्यावहारिक नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह प्रबंधन शिक्षा के विकास में अग्रणी थे और "उद्देश्यों द्वारा प्रबंधन" तथा "आत्म-नियंत्रण द्वारा प्रबंधन" जैसी महत्वपूर्ण अवधारणाओं को लोकप्रिय बनाने में उनका बड़ा योगदान रहा।

जब हम अपने लक्ष्य, सपने और इच्छाएँ स्पष्ट कर लेते हैं, तभी हम सही दिशा में कदम बढ़ा पाते हैं। यह वाक्य हमें प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन की बागडोर खुद संभालें, बजाय इसके कि परिस्थितियाँ या दूसरे लोग हमारे भविष्य को तय करें।
दूसरे शब्दों में, भविष्य को बदलने या बेहतर बनाने की शुरुआत वर्तमान से होती है। अगर हम मेहनत, अनुशासन और निरंतरता के साथ काम करते हैं, तो हम धीरे-धीरे अपने भविष्य का वह रूप बना लेते हैं जो हम देखना चाहते हैं। इसलिए यह सोच कि "किस्मत सब तय करती है" हमें कमजोर बनाती है, जबकि "मैं खुद अपना भविष्य बनाऊँगा/बनाऊँगी" हमें मजबूत और आत्मविश्वासी बनाती है।
यह विचार हमें ज़िम्मेदारी लेना भी सिखाता




है। अगर हम अपने फैसलों, गलतियों और मेहनत की ज़िम्मेदारी लेते हैं, तो हम जीवन में अधिक परिपक्व और समझदार बनते हैं। हम यह समझने लगते हैं कि सफलता अचानक नहीं मिलती, बल्कि रोज़ के छोटे-छोटे प्रयासों और सही निर्णयों का परिणाम होती है। इस तरह हम अपने भविष्य को धीरे-धीरे अपने हाथों से गढ़ते हैं।
साथ ही, यह वाक्य हमें सक्रिय रहने और पहल करने की प्रेरणा देता है। केवल सपने देखना काफी नहीं होता, उन्हें पूरा करने के लिए कदम उठाने पड़ते हैं। चाहे नई कौशल सीखना हो, किसी लक्ष्य के लिए तैयारी करनी हो या अपनी कमजोरियों पर काम करना हो—हर छोटा प्रयास भविष्य को बदलने की क्षमता रखता है। जब हम अपनी जिंदगी के निर्माता बन जाते हैं, तब भविष्य हमारे लिए कोई डर नहीं, बल्कि एक अवसर बन जाता है।
अंत में, यह संदेश हमें आशा और आत्मविश्वास देता है। यह बताता है कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन हों, हम हमेशा अपने जीवन में बदलाव ला सकते हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# विष्णु भगवान के तीन नाम लेने से रोग दूर होते हैं

भगवान विष्णु के तीन दिव्य नाम—अच्युत, अनन्त और गोविन्द—ऐसे अमोघ मन्त्र माने गए हैं जो मनुष्य के जीवन में व्याप्त शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक सभी प्रकार के रोगों का नाश करने की क्षमता रखते हैं। शास्त्र कहते हैं कि संसार में अनेकों प्रकार के रसायन और औषधियाँ उपलब्ध हैं, परंतु भगवान के नाम के समान प्रभावशाली कोई औषधि नहीं। जब मनुष्य जीवन की विपत्तियों, रोगों और कष्टों से घिर जाता है, जब सभी दवाइयाँ और उपाय विफल होने लगते हैं, तब केवल भगवान का नाम ही वह रसायन है जो शरीर ही नहीं, मन और आत्मा को भी शुद्ध करके उसे कंचन के समान निर्मल और तेजस्वी बना देता है। भगवान के नाम में अनंत शक्तियाँ निहित हैं; उनके नाम एक दिव्य शक्ति-स्त्रोत की तरह हैं, जो सूक्ष्म जगत से लेकर स्थूल जगत तक अपना प्रभाव छोड़ते हैं। यही कारण है कि इसे 'जादुई पिटारी' कहा गया है, जो न सिर्फ सांसारिक रोगों का नाश करती है, बल्कि जन्म-मरण के चक्र रूपी भयावह 'भव-रोग' से भी मुक्ति दिलाती है।
समुद्र-मंथन के दौरान जब भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए, तब उन्होंने देवताओं और ऋषियों को औषधि-विज्ञान का ज्ञान दिया। उन्होंने बताया कि संसार में असंख्य रोग हैं और सबकी प्रकृति भी भिन्न है, परंतु एक ऐसी महान औषधि है जो सभी रोगों का समान रूप से नाश कर सकती है—वह है भगवान विष्णु के नामों का उच्चारण। इसी संदर्भ में प्रसिद्ध श्लोक—"अच्युतानन्तगोविन्द नामोच्चारण भेषजात्। नश्यन्ति सकला रोगाः, सत्यं सत्यं वदाम्यहम्।।"—अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहाँ भगवान धन्वंतरि





**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

स्वयं यह सत्य दो बार कहकर बताते हैं कि इन तीन नामों का जप करने मात्र से रोगों का नाश होता है। यह केवल दार्शनिक कथन नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक सत्य है। जब श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ नाम-जप किया जाता है, तो मन स्थिर होता है, शरीर में ऊर्जा का प्रवाह सुधरता है और जीवन की नकारात्मक शक्तियाँ क्षीण होने लगती हैं। इस प्रकार रोगों के मूल कारण, जो कई बार मानसिक तनाव, चिंता, भय और पाप-कर्मों के संस्कार होते हैं, समाप्त होने लगते हैं।
भगवान विष्णु के इन तीन नामों को 'अमोघ मन्त्र' इसलिए कहा गया है क्योंकि इन्हें हर समय, हर स्थान और हर परिस्थिति में जप किया जा सकता है। इनके साथ 'ॐ' और 'नमः' जोड़कर जप करने से मंत्र की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है—ॐ ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक है और नमः समर्पण का। "ॐ अच्युताय नमः, ॐ अनन्ताय नमः, ॐ गोविन्दाय नमः"—इन मंत्रों के निरंतर जप से विष, अग्नि, दुर्घटना, अकाल मृत्यु जैसी आपदाओं का भय समाप्त होता है। यह जप मनुष्य की मानसिक स्थिरता बढ़ाता है और जीवन के कठिन चरणों में भी उसे साहस, स्पष्टता और दिव्यता प्रदान करता है। यह मंत्र इतना सरल है कि इसे चलते-फिरते, उठते-बैठते, सोते-जागते—हर समय किया जा सकता है। जैसे हम हर सांस लेते हैं, वैसे ही हर सांस के साथ भगवान के नाम का स्मरण सबसे श्रेष्ठ उपाय माना गया है—'साँस-साँस सुमिरन करौ—यह उपाय अति नीक।'
भगवन्नाम का प्रभाव केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि व्यवहारिक भी है। शास्त्रों के अनुसार, मनुष्य के सुख-दुःख, रोग-शोक और जीवन की सारी परिस्थितियाँ पूर्वजन्म और वर्तमान जन्म के कर्मों के परिणाम स्वरूप होती हैं। तुलसीदासजी कहते हैं—"करम प्रधान बिस्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फलु चाखा।"


## अपने विचार

कुछ जयचंदों द्वारा मेरे माता-पिता को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने की कोशिश की जा रही है। अगर इसमें जरा भी सच्चाई है तो यह सिर्फ मेरे परिवार पर हमला नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय जनता दल की आत्मा पर सीधा प्रहार है।



**–तेज प्रताप**, जनता दल के नेता

कल उत्तरी ज़ोनल काउंसिल की 32वीं बैठक के दौरान सभी सदस्य राज्यों ने अपने-अपने मुद्दों पर अपनी राय रखी थी। यह बहुत दुख की बात है कि हरियाणा, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश सहित अधिकांश राज्य पंजाब के हक़ों पर डाका डालने के लिए पूरी तरह तुले हुए थे।



**–भगवंत मान**, मुख्यमंत्री, पंजाब

कांग्रेस कहती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुमलेबाजी करते हैं, जबकि अगर भाजपा जुमलेबाजी में व्यस्त होती तो वह बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में जोरदार जीत दर्ज नहीं कर पाती। कांग्रेस को पहले यह समझना चाहिए कि वह स्वयं चुनाव क्यों नहीं जीत पा रही है।



**–राधा मोहन दास**, भाजपा के प्रदेश प्रभारी

आजाद भारत में पहली बार, खासकर बिहार में किसी सरकार ने लोगों पर 40हजार करोड़ रुपये खर्च करने का वादा किया और इसीलिए एनडीए को इतना बड़ा बहुमत मिला। लोग कह रहे हैं कि मतदाताओं ने 10,000 रुपये के लिए अपना वोट बेच दिया।



**–प्रशांत किशोर**, संस्थापक, जन सुराज पार्टी

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

# रेंटल हाउसिंग पॉलिसी ड्राफ्ट पर सेमिनार का आयोजन

## ड्राफ्ट पॉलिसी पर स्टेकहोल्डर्स संग विस्तृत चर्चा

दीपक पवार । मुंबई

महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) ने राज्य के लोगों, विशेषकर मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के लिए तैयार की गई महाराष्ट्र स्टेट रेंटल हाउसिंग पॉलिसी के ड्राफ्ट पर एक प्रेजेंटेशन और स्टेकहोल्डर्स सेमिनार आयोजित किया है। यह पहल किराए के घरों की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखते हुए की गई है।



### मुख्यमंत्री फडणवीस के मार्गदर्शन में तैयार हुआ ड्राफ्ट

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में म्हाडा ने एक व्यापक और फॉरवर्ड-लुकिंग रेंटल हाउसिंग पॉलिसी ड्राफ्ट तैयार किया है। ऐसा ड्राफ्ट तैयार करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है। म्हाडा के वाइस चेयरमैन और सीईओ संजीव जायसवाल इस ड्राफ्ट के प्रमुख बिंदुओं और आगे की प्रक्रिया को स्टेकहोल्डर्स के सामने पेश करेंगे। यह विशेष सेमिनार 19 नवंबर, 2025 को सुबह 11.30 बजे बांद्रा ईस्ट स्थित ऑडिटोरियम में होगा।

### नीति आयोग का 'सभी के लिए घर' लक्ष्य

केंद्र सरकार की नीति-नियोजन संस्था नीति आयोग ने सभी के लिए घर के राष्ट्रीय लक्ष्य के तहत मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (MMR) को हाउसिंग सेक्टर में ग्रोथ हब के रूप में चुना है। इसमें झुग्गियों का पुनर्वास, कम और मध्यम आय वर्ग के लिए घर तथा रेंटल हाउसिंग की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में योजनाएं शामिल हैं। नीति आयोग के ग्रोथ हब प्रोजेक्ट में प्रवासी मजदूरों, छात्रों के लिए हॉस्टल, कामकाजी महिलाओं के लिए आवास और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ओल्ड एज होम जैसी अस्थायी आवास सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। बदलती जीवनशैली और जरूरतों के चलते इस तरह के आवास की मांग लगातार बढ़ रही है।

### 2030 तक 30 लाख सस्ते घरों का लक्ष्य

नीति आयोग ने 2030 तक MMR में 30 लाख सस्ते घर बनाने का लक्ष्य रखा है, जिनमें से आठ लाख घरों की जिम्मेदारी म्हाडा ने उठाई है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए म्हाडा पहले ही डेवलपर्स की भागीदारी बढ़ाने हेतु इन्वेस्टमेंट कॉन्फ्रेंस और रीडेवलपमेंट कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुका है। अब, रेंटल हाउसिंग पॉलिसी ड्राफ्ट पर यह कार्यक्रम उसी श्रृंखला का हिस्सा है, जिसमें कहा गया है कि अधिक से अधिक स्टेकहोल्डर्स इस पहल से जुड़ें।

# 78 वर्षीय महिला की स्तन कैंसर की सफल सर्जरी

**ठाणे।** ठाणे सिविल अस्पताल ने एक 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला के स्तन कैंसर का सफलतापूर्वक उपचार कर उसकी जान बचाई है। मैमोग्राफी स्क्रीनिंग वैन में जांच के दौरान उनके स्तन में संदिग्ध गांठ का पता चला, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल की ओपीडी में भर्ती किया गया। उम्र अधिक होने के कारण परिवार इलाज को लेकर चिंतित था, लेकिन डॉक्टरों ने समझाकर उनका भय दूर किया।



### सटीक निदान के बाद सावधानीपूर्वक सर्जरी का निर्णय

इमेजिंग टेस्ट और कोर नीडल बायोप्सी में पुष्टि हुई कि महिला को डक्टल कार्सिनोमा इन सीटू (DCIS) है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मामले का मूल्यांकन कर स्तन संरक्षण सर्जरी (लम्पेक्टोमी) करने का फैसला किया। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार और अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महानगड़े के मार्गदर्शन में यह सर्जरी पूरी की गई।

सर्जरी के दौरान पेरिएरियोलर चीरा तकनीक का इस्तेमाल कर कैंसरग्रस्त हिस्सा सुरक्षित रूप से निकाल दिया गया। स्तन ऑन्को-प्लास्टिक सर्जन डॉ. रितिका भंडारी की सहायता से प्लास्टिक सर्जरी द्वारा स्तन का स्वरूप भी सुरक्षित रखा गया। इस सफलता ने न केवल मरीज की जान बचाई, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति नागरिकों का भरोसा और मजबूत किया है।

> मैमोग्राफी स्क्रीनिंग वैन शीघ्र निदान को सक्षम बना रही है और ठाणे सिविल अस्पताल में स्तन कैंसर के लिए अत्याधुनिक, सुरक्षित और कुशल शल्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है।
> **- डॉ. कैलास पवार**, जिला शल्य चिकित्सक

## ब्रीफ न्यूज़

### आईआरसीटीसी ने कन्फर्म टिकट के साथ पेश किए साप्ताहिक रेल टूर पैकेज




**मुंबई।** भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (IRCTC), भारत सरकार की नवरत्न कंपनी, पिछले 25 वर्षों से देश में रेल पर्यटन को नई दिशा दे रही है। विशाल रेलवे नेटवर्क और क्यूरेटेड टूर सेवाओं के संयोजन के साथ IRCTC पेशेवर, किफायती और सुविधाजनक पर्यटन का प्रमुख स्तंभ बन चुका है। IRCTC वेस्ट ज़ोन (मुंबई) वर्तमान में मुंबई से संचालित 20 रेल टूर पैकेजों की पेशकश कर रहा है। ये पैकेज शिमला-मनाली, वैष्णोदेवी, इंदौर, उज्जैन, हैदराबाद, द्वारका, सोमनाथ, शिर्डी, कोल्हापुर, केवडिया, ओंकारेश्वर, ग्वालियर, खजुराहो और तिरुपति जैसे लोकप्रिय धार्मिक और पर्यटन स्थलों को कवर करते हैं।पैकेजों में माता वैष्णोदेवी, तिरुपति बालाजी, महाकालेश्वर, द्वारकाधीश, सोमनाथ, साईं बाबा, ओंकारेश्वर, घिरिशनेश्वर, महालक्ष्मी और नागेश्वर मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा शामिल है। यात्री कुफरी, शिमला की मॉल रोड, अजंता-एलोरा गुफाएं, महेश्वर, इंदौर का राजवाड़ा पैलेस, ग्वालियर का जयविलास पैलेस, खजुराहो मंदिर, ग्वालियर फोर्ट और कोल्हापुर का न्यू पैलेस संग्रहालय जैसे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कर सकते हैं। इन रेल टूर पैकेजों में स्लीपर, 3AC या 2AC में कन्फर्म ट्रेन टिकट, डीलक्स होटल में ठहराव, दर्शनीय स्थलों के लिए एसी वाहन, निर्धारित भोजन, यात्रा बीमा और सभी कर शामिल हैं। ये पैकेज 1 रात/2 दिन से 7 रात/8 दिन की अवधि में उपलब्ध हैं।

### कराटे बेल्ट ग्रेडिंग स्पर्धा सम्पन्न

**भिवंडी।** भिवंडी के पद्मानगर स्थित विवेकानंद इंग्लिश स्कूल में ब्रेव यूथ मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन द्वारा बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने सहभागी होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नंदी पुरस्कार से सम्मानित 7वीं डिग्री ब्लैक बेल्ट होल्डर ग्रैंडमास्टर राजाराम एल. देवासानी के मार्गदर्शन में आयोजित इस स्पर्धा में बी.टी. गायकवाड़ स्कूल कल्याण, विवेकानंद इंग्लिश स्कूल पद्मानगर, विकास इंग्लिश स्कूल पद्मानगर, टाटा आमंत्रा, अरिहंत सिटी, पूर्णा विलेज सहित कई शाखाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य परीक्षक ग्रैंड मास्टर अशोक एल. देवासानी सहित बीवाईएमए टीम—मिथुन सी.एच. भोई, भरत एल. देवासानी, मयूरी सोदे, आनंद सोनी, करण जैसवार, अरमान सिरोहा, आदित्य बाजपेयी, मोनिका एगा, प्रेरणा, वैभवी, कामाक्षी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर हाई रेंज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर राजाराम देवासानी ने कहा कि आज के दौर में मार्शल आर्ट और सेल्फ डिफेंस अत्यंत आवश्यक हैं, विशेषतः लड़कियों के लिए, इसलिए सभी स्कूलों में सप्ताह में एक सेल्फ डिफेंस लेक्चर अनिवार्य होना चाहिए।

# वार्ड की समस्याओं के खिलाफ कांग्रेस का आमरण अनशन

## बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी का आरोप

उल्हासनगर। उल्हासनगर के वार्ड नंबर 19 और 20 में अंबेडकर नगर और हिललाइन पुलिस स्टेशन के आसपास रहने वाले नागरिकों ने वर्षों से सड़क, पानी, टॉयलेट, सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति के खिलाफ आमरण अनशन शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि दलित बस्ती और पिछड़े वर्ग के इलाकों में होने के कारण उनकी समस्याओं को प्रशासन ने लगातार नज़रअंदाज़ किया है। कांग्रेस पार्टी की पहल पर उल्हासनगर कैंप-4 के नेताजी चौक पर यह अनशन जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे की अध्यक्षता में शुरू हुआ है। उप जिला अध्यक्ष महादेव शेलार, सचिव सज्जन शेकटे और राजकुमारी नारा के मार्गदर्शन में चल रहे इस आंदोलन में इलाके के लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।



### टॉयलेट से लेकर पानी सप्लाई तक स्थानीय मांगें प्रमुख मुद्दे बने

अनशनकारियों ने अंबेडकर नगर में गुड्डू किराना दुकान के पास स्थित टॉयलेट की तुरंत मरम्मत, समाज मंदिर के पास 100 फीट एरिया में सीवेज व अन्य सुविधाओं की मरम्मत, रेणुका माता मंदिर के पास पानी सप्लाई लाइन दुरुस्त करने और नियमित पानी उपलब्ध कराने जैसी कई जरूरी मांगें उठाई हैं। इसके साथ ही अवैध निर्माणों पर कार्रवाई, सड़कों की मरम्मत और बेसिक सिविक सुविधाओं में सुधार जैसे मुद्दे भी प्रमुख हैं।

### प्रशासन पर कार्रवाई न करने के आरोप, अधिकारियों पर सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार लिखित निवेदन और शिकायतें देने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मनपा आयुक्त से गैर-जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने और आवश्यकता पड़ने पर निलंबन जैसी कार्रवाई की मांग की गई है। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की सैलरी पर लाखों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन काम न के बराबर होता है। नागरिकों का आरोप है कि अवैध निर्माणों पर नियंत्रण न होने से शहर का विकास प्रभावित हो रहा है।

# ट्रैफिक नियमों को लेकर सेमिनार 'जीवन रक्षा' एक आयोजन



> रोड दुर्घटनाओं की बड़ी वजह इंसानी गलतियाँ हैं और जागरूकता से इन्हें काफी हद तक रोका जा सकता है। 'रोड सेफ्टी – लाइफ प्रोटेक्शन' वर्कशॉप ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों की गंभीरता समझने में बड़ी भूमिका निभाई। ब्लाइंड स्पॉट डेमो उनके लिए आँखें खोलने वाला अनुभव था। एक सुरक्षित शहर के लिए युवाओं की भागीदारी बेहद ज़रूरी है और हम पुलिस विभाग की ओर से ऐसी जागरूकता गतिविधियाँ लगातार जारी रखेंगे।
> **- राजेश शिरसाठ,** वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, उल्हासनगर यातायात विभाग

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर यातायात पुलिस ने युवा छात्रों और स्थानीय नागरिकों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया। 'रोड सेफ्टी – लाइफ प्रोटेक्शन' विषय पर नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज, उल्हासनगर-3 में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से ट्रैफिक नियमों की अहमियत समझाई गई। कार्यक्रम का सबसे प्रभावी हिस्सा 'ब्लाइंड स्पॉट डेमो' रहा। ट्रैफिक विभाग की टीम ने असली वाहन की मदद से वे एंगल दिखाए जो ड्राइवर को दिखाई नहीं देते और दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनते हैं। छात्रों ने वाहन के आसपास खड़े होकर इन खतरों का अनुभव किया, जिससे सड़क पर छोटी लापरवाही किस तरह जानलेवा साबित हो सकती है, यह स्पष्ट हुआ।

### वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी

15 नवंबर को हुए इस आयोजन में पुलिस उपायुक्त किरण बलवडकर, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाठ और पीस कमेटी सदस्य सुप्रिया कुलकर्णी मौजूद रहीं। अधिकारियों ने युवाओं से सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की।वर्कशॉप के दौरान तेज़ रफ्तार, हेलमेट व सीट बेल्ट का महत्व, मोबाइल फोन के दुरुपयोग, गलत ओवरटेकिंग और अन्य सामान्य ट्रैफिक उल्लंघनों से होने वाले हादसों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# पर्यावरण संरक्षण पर उच्चस्तरीय बैठक

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश

## हर नागरिक की भागीदारी से ही बनेगा अधिक हरा-भरा ठाणे: MPCB अध्यक्ष

**ठाणे।** पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) के अध्यक्ष सिद्धेश कदम ने सोमवार को मनपा अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ठाणे पहले से एक स्वच्छ और हरा-भरा शहर है, लेकिन यदि नागरिक मनपा की सभी पर्यावरण संबंधी गतिविधियों में शत-प्रतिशत भाग लें, तो आने वाली पीढ़ियों को और भी बेहतर, पर्यावरण-अनुकूल ठाणे मिल सकेगा। सिद्धेश कदम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, मलजल विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और पशु चिकित्सा विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।



### निर्माण धूल, आरएमसी प्लांट और भारी वाहनों पर कड़े दिशा-निर्देश

कदम ने बताया कि निर्माण कार्यों से होने वाला प्रदूषण संपूर्ण राज्य को प्रभावित करता है। MPCB ने पहले ही नगर निगम को आरएमसी प्लांट्स को ढंकने, रेडी मिक्स वाहनों के टायर धोकर भेजने और निर्माण धूल रोकने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर की सीमाओं पर प्रवेश करने वाले बड़े वाहनों के टायरों की धुलाई की व्यवस्था की जाए, जिससे सड़कों पर धूल फैलाव कम हो। उन्होंने सार्वजनिक वाहनों के उपयोग बढ़ाने के लिए एक कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। अध्यक्ष ने कहा कि नए सीवरेज चैनल के साथ-साथ पुनर्चक्रण के लिए अलग पाइपलाइन डालना अनिवार्य किया जाए, जिससे उपचारित पानी का अधिकतम उपयोग हो सके। निजी सीवरेज चैनलों को MPCB की अनुमति के तहत लाने और उनके परिसर में शौचालय, बागबगीचे और कार धुलाई में उपचारित पानी के अनिवार्य उपयोग पर भी ज़ोर दिया गया।एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर ठोस कार्रवाई के लिए मनपा को उप-नियमों में बदलाव कर विशेष प्रकोष्ठ बनाने का सुझाव भी दिया गया।

# सोलापुर मंडल का जागरूकता अभियान



**सोलापुर।** मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल द्वारा प्रमुख स्टेशनों पर ‘रेलवन’ सुपर ऐप के बारे में पोस्टर और डिस्प्ले लगाकर यात्रियों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे द्वारा विकसित इस ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित टिकट बुकिंग, आर-वॉलेट से 3% छूट के साथ अनारक्षित यूटीएस टिकट, लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, ई-कैटरिंग, शिकायत निवारण, प्लेटफॉर्म टिकट, टिकट रद्दीकरण, पीएनआर सेवाएं सहित कई सुविधाओं का एक ही ऐप में लाभ उठा सकते हैं। सोलापुर, पंढरपुर, कलबुर्गी, लातूर और कुरुदवाड़ी सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर इसकी जानकारी प्रदर्शित की गई है।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंगे। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृष** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। प्रमाद न करें।

**मिथुन** कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी।

**कर्क** कानूनी अड़चन सामने आएगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी। व्यर्थ दौड़धूप रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**सिंह** किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। जोखिम न उठाएं।

**कन्या** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय होगी। फालतू खर्च होगा।

**वृश्चिक** धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**धनु** किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी। आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर** यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ** विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।


**मीन** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

# शनि-बृहस्पति युति का वैदिक ज्योतिषीय विश्लेषण

**1. वैदिक ज्योतिष और सूर्य सिद्धांत का आधार :** वैदिक ज्योतिष में, मिथुन लग्न (ज्योतिषीय राशिः मिथुन, तत्त्वः वायु, स्वामीः बुध) की कुण्डली में दशम भाव कर्म, व्यवसाय, सामाजिक प्रतिष्ठा, और जीवन में यश का प्रतीक है। दशम भाव का स्वामी मीन राशि का बृहस्पति होता है, जो ज्ञान, धर्म, और समृद्धि का कारक है। शनि और बृहस्पति की युति दशम भाव में होने पर यह एक जटिल और गहन संयोजन बनता है, क्योंकि शनि (कर्म, अनुशासन, विलंब) और बृहस्पति (ज्ञान, विस्तार, शुभता) परस्पर विरोधी प्रकृति के ग्रह हैं।

सूर्य सिद्धांत के अनुसार, ग्रहों की स्थिति और गति (खगोलीय गणित) का प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है। सूर्य सिद्धांत में ग्रहों की गति को सौर मंडल के केंद्र में सूर्य के सापेक्ष मापा जाता है, और शनि-बृहस्पति की युति का प्रभाव खगोलीय दृष्टिकोण से उनके राशिगत और नक्षत्रीय स्थिति पर निर्भर करता है।

उदाहरण के लिए, यदि यह युति मीन राशि (दशम भाव) में हो, तो यह बृहस्पति की स्वराशि में होगी, जिससे बृहस्पति की शक्ति बढ़ेगी, परंतु शनि की मंद गति और संकुचनकारी प्रवृत्ति बृहस्पति के विस्तार को सीमित कर सकती है। **खगोलीय गणितीय दृष्टिकोणः** सूर्य सिद्धांत के आधार पर, शनि और बृहस्पति की युति का प्रभाव उनके अंशीय अंतर (degrees of conjunction) पर निर्भर करता है। यदि दोनों ग्रह 0-2 के अंतर पर हों, तो युति अत्यंत प्रबल होगी, जिसे ‘युति दोष’ भी कहा जाता है। यदि अंतर 5-10 हो, तो प्रभाव मिश्रित होगा। सूर्य सिद्धांत में ग्रहों की गति और नक्षत्रीय स्थिति (जैसे, पूर्वभाद्रपद, उत्तरभाद्रपद, या रेवती नक्षत्र में युति) का विश्लेषण आवश्यक है।






प्रियंका जैन
9769994439

**2. ज्योतिषीय प्रभावः** मिथुन लग्न में दशम भाव में शनि-बृहस्पति युति के प्रभाव निम्नलिखित हैं:

कर्म और व्यवसायः शनि का प्रभाव कठिन परिश्रम, दीर्घकालिक लक्ष्य, और अनुशासित कार्यशैली को दर्शाता है। बृहस्पति ज्ञान, नीति, और नेतृत्व प्रदान करता है। इस युति से व्यक्ति शिक्षक, सलाहकार, वकील, प्रशासक, या आध्यात्मिक गुरु जैसे क्षेत्रों में सफलता पा सकता है। उदाहरणः यदि युति रेवती नक्षत्र में हो, जो बुध का नक्षत्र है, तो व्यक्ति व्यापार, लेखन, या संचार क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है।

**लाभः** बृहस्पति की शुभता के कारण दीर्घकालिक लाभ संभव है, विशेषकर शिक्षा, धर्म, या सामाजिक कार्यों से। शनि की उपस्थिति से यह लाभ धीरे-धीरे और स्थायी रूप से प्राप्त होता है। यदि युति मीन राशि में हो, तो व्यक्ति को विदेशी स्रोतों से लाभ या सामाजिक यश मिल सकता है।

शनि का प्रभाव कार्य में विलंब, बाधाएँ, और सामाजिक आलोचना ला सकता है। बृहस्पति की अति-आशावादी प्रकृति और शनि की संकुचनकारी प्रवृत्ति के मिश्रण से व्यक्ति निर्णय लेने में भ्रमित हो सकता है।

यदि युति अशुभ दृष्टि (जैसे, मंगल या राहु) से प्रभावित हो, तो व्यवसाय में हानि या प्रतिष्ठा को क्षति हो सकती है।

सामाजिक व्यवहारः यह युति व्यक्ति को गंभीर, दार्शनिक, और समाज के प्रति उत्तरदायी बनाती है। व्यक्ति समाज में सुधारवादी या परंपरागत दोनों भूमिकाएँ निभा सकता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सोनभद्र खनन हादसा: अब तक सात शव बरामद

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के ओबरा थाना क्षेत्र के बील्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में पहाड़ी धसकने से उसके मलबे से सात मजदूरों के शव बरामद हो गए हैं। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने मंगलवार को बताया की खनन हादसे के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में कुल सात मजदूरों के शव बरामद कर लिए गयए हैं। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय राजू सिंह गोड़, 25 वर्षीय रविन्द्र गोड़, 34 वर्षीय इन्द्रजीत यादव, 32 वर्षीय संतोष यादव, 35 वर्षीय रामखेलावन खरवार, 32 वर्षीय गुलाब खरवार और 30 वर्षीय कृपा शंकर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया की खनन हादसे के तुरंत बाद आसपास की कंपनियों, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। शनिवार की रात से मंगलवार के दोपहर तक शवों को खोजने का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया।

### लखनऊ में संविदा कर्मचारियों की नौकरी खतरे में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा 'वर्टिकल व्यवस्था' लागू करने की नई योजना ने प्रदेश के हजारों संविदा कर्मचारियों की चिंता बढ़ा दी है। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार कई विभागों में काम का पुनर्गठन किया जाएगा, जिसके चलते लगभग 3,613 संविदा कर्मचारियों की सेवाएँ समाप्त होने की संभावना जताई जा रही है। यह फैसला 1 नवंबर 2025 से लागू करने की तैयारी में है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष फैल गया है। कई कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि अचानक लागू किए जा रहे इस निर्णय से उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। वहीं संविदा कर्मचारी संघ का कहना है कि वर्षों से लगातार सेवाएँ देने के बावजूद, सरकार उन्हें बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के बाहर का रास्ता दिखा रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन, धरना–प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार कर सकते हैं। इस मुद्दे ने राज्य में श्रमिक सुरक्षा और संविदा व्यवस्था पर एक नई बहस छेड़ दी है, क्योंकि हजारों कर्मचारियों का भविष्य इसी निर्णय पर टिका हुआ है।

### बिहार में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज, नीतीश कुमार देंगे इस्तीफा

**पटना।** बिहार में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राजनीतिक गतिविधियाँ तेजी से बढ़ गई हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल से मुलाकात कर 19 नवंबर 2025 को अपने पद से इस्तीफा देने की सूचना दी है। माना जा रहा है कि यह फैसला सरकार गठन की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद नई सरकार बनाने के लिए दावेदार दलों के बीच बातचीत, समर्थन जुटाने और संख्या संतुलन की रणनीति पर काम और तेज हो गया है। सूत्रों के अनुसार, नए नेतृत्व के चयन को लेकर दलों के बीच अंदरूनी चर्चा जारी है और संभावित गठबंधन के फार्मूले पर भी विचार हो रहा है। वहीं जनता की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बिहार की नई सरकार कैसी होगी और किन मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## अपराधियों के लिए उत्तर प्रदेश असुरक्षित ठिकाना: योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी | गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कहा कि 2017 के बाद का उत्तर प्रदेश अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं रहा। अब राज्य में अपराध करने की जरा भी गुंजाइश नहीं है, क्योंकि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और वैज्ञानिक तरीके से की जाने वाली फॉरेंसिक जांच व्यवस्था के चलते कोई भी आरोपी कानून से बच नहीं सकता। मुख्यमंत्री मंगलवार को गोरखपुर में नव-उन्नत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला (आरएफएसएल) के छह मंजिला हाईटेक भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। करीब 72.78 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह आधुनिक लैब पूर्वी उत्तर प्रदेश को अत्याधुनिक फॉरेंसिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।



### 13 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

कमिश्नरेट प्रणाली पर उन्होंने बताया कि 50 वर्षों से लंबित यह व्यवस्था 2020 में लागू की गई, जो अब सात जिलों में प्रभावी है। इसके साथ ही 17 नगर निगमों और नोएडा–ग्रेटर नोएडा को सेफ सिटी के रूप में विकसित किया गया है। 13 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरों ने महानगरों में सुरक्षा को नया स्तर दिया है। उन्होंने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश अपराधियों को बख्शने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री ने पीएसी और अन्य बलों के विस्तार का उल्लेख करते हुए बताया कि सरकार ने तीन नई महिला पीएसी बटालियन तैयार की हैं और कई जिलों में नई यूनिट स्थापित की जा रही हैं।

### फारेंसिक लैब की संख्या 12 हुई

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में फॉरेंसिक लैब की संख्या सीमित थी, जिससे कई मामलों में पुख्ता साक्ष्य मिलने के बावजूद अपराधी बच निकलते थे, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। आठ वर्षों में प्रदेश में फॉरेंसिक लैब की संख्या चार से बढ़कर 12 हो गई है, जबकि छह और निर्माणाधीन हैं। लक्ष्य है कि हर कमिश्नरी में एक पूर्ण विकसित लैब उपलब्ध हो।

### फारेंसिक मोबाइल वैन भी उपलब्ध

उन्होंने बताया कि हर जिले में साक्ष्य संकलन के लिए दो मोबाइल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध हैं, जिससे महत्वपूर्ण साक्ष्य मौके पर ही कुछ घंटों के भीतर जुटाए जा सकते हैं। नए कानूनों—भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता—के लागू होने के बाद फॉरेंसिक जांच की भूमिका और अहम हो गई है, विशेषकर उन अपराधों में जिनमें सात वर्ष से अधिक की सजा का प्रावधान है। भर्ती पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रूल ऑफ लॉ को मजबूत बनाने के लिए पिछले आठ वर्षों में 2.19 लाख पुलिस कर्मियों की भर्ती की गई है।

## दिल्ली से बिहार जा रही बस पलटी, तीन की मौत



**एजेंसी | कानपुर**

आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब आनंद विहार (दिल्ली) से बिहार के सिवान जा रही एक निजी डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में पाँच वर्षीय बच्चे सहित तीन यात्रियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। घायलों में 10 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए।

यात्रियों के अनुसार बस तेज रफ्तार में चल रही थी। एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 216 के पास अचानक चालक को झपकी आने से बस डिवाइडर पर चढ़ गई और फिर अनियंत्रित होकर पलट गई।

### मृतकों में एक पशिचम बंगाल का

दुर्घटना में अनुराग (5) पुत्र अजय, निवासी बिहार; नसीम आलम (20), निवासी बिहार और शशि कुमार (26), निवासी पश्चिम बंगाल की मौत हुई है। अनुराग की मां गंभीर रूप से घायल हैं और उनका हैलट अस्पताल में उपचार जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त मंजय सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में बस के अनियंत्रित होकर पलटने की पुष्टि हुई है। तीन यात्रियों की मौत हो चुकी है तथा सभी घायलों का उपचार जारी है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस चालक और परिचालक की तलाश कर रही है।

## भदोही में तीन घंटे खंगाली गई ट्रेन

**एजेंसी | भदोही**

गोरखपुर से मुंबई के लिए रवाना हुई 15018 अप काशी-दादर एक्सप्रेस को मंगलवार दोपहर अचानक भदोही स्टेशन पर रोकना पड़ा, जब ट्रेन में बम होने की सूचना नियंत्रण कक्ष तक पहुंची। वाराणसी कंट्रोल से दोपहर 1:20 बजे मिली इस जानकारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सतर्क हो गईं। चूँकि ट्रेन वाराणसी स्टेशन पार कर चुकी थी, इसलिए उसे आगे भदोही में 1:38 बजे रोककर जांच शुरू की गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस की कई टीमें स्टेशन पर जुट गईं। यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया और पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई। सीओ आरपीएफ आलोक तिवारी, जीआरपी वाराणसी प्रभारी कुंवर प्रभात सिंह व जिला पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में संदिग्ध वस्तुओं की तलाश शुरू की गई। वाराणसी से बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की तीन टीमों को भी मौके पर बुलाया गया। विशेषज्ञों ने ट्रेन की हर बोगी, शौचालयों और नीचे के हिस्सों तक बारीकी से जांच की, लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।

## नाइजीरिया और सूडान के छात्रों ने लगाया फर्जी दस्तावेज

**एजेंसी | बरेली**

छात्र वीजा पर भारत आए नाइजीरिया के छात्र यूसुफ बाला मुस्तफा और सूडान के अयूब अली के खिलाफ वीजा विस्तार के लिए फर्जी दस्तावेज़ तैयार करने के मामले में बारादरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोहिलखंड चौकी प्रभारी मनीष भारद्वाज ने बताया कि सूचना मिली थी कि यूसुफ ने वीजा बढ़ाने के लिए ऑनलाइन आवेदन में जाली पंजीकरण प्रमाणपत्र अपलोड किया है। गोपनीय जांच में प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया। जांच में सामने आया कि युसूफ 19 जनवरी 2025 को छात्र वीजा पर भारत आया था। 31 जनवरी को उसने सिटी यूनिवर्सिटी लुधियाना में बीसीए में दाखिला लिया और बाद में 19 जुलाई को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में बीएमएस प्रथम वर्ष में प्रवेश ले लिया।




### आर्थिक दंड से बचने को लगाया जुगाड़

पुलिस के मुताबिक वीजा अवधि बढ़ाने और आर्थिक दंड से बचने के लिए युसूफ ने जाली प्रमाणपत्र अपलोड कर दिया। पूछताछ में छात्र यूसुफ ने बताया कि आवेदन तैयार कराने में उसकी मदद सूडान के छात्र अयूब अली ने की, जो वर्तमान में पंजाब की सिटी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहा है। पुलिन ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।

## जो खून देकर डरते हैं, वे किडनी दान की बात सोच भी नहीं पाते

**एजेंसी | पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव को किडनी दान कर उनका जीवन बचाने वाली उनकी पुत्री रोहिणी आचार्य ने एक बार फिर अपने विरोधियों को कड़े शब्दों में जवाब दिया है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में उन्होंने उन लोगों पर निशाना साधा, जो किडनी दान को लेकर अनावश्यक टिप्पणियां कर रहे हैं और उनके फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। रोहिणी ने दो टूक कहा कि जो लोग पिता के लिए किए गए उनके निर्णय पर टिप्पणी कर रहे हैं, वे पहले यह समझें कि असली जरूरत किसकी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को सच में कुछ करना ही है तो अपनी ऊर्जा उन गरीब मरीजों की मदद में लगाएं जो अस्पतालों में किडनी प्रत्यारोपण के इंतज़ार में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। मानवता के नाम पर अंगदान को बढ़ावा देना ही असली मदद होगी। आलोचकों को खुली चुनौती देते हुए रोहिणी ने कहा कि जो लोग एक विवाहित बेटी द्वारा पिता को किडनी देने को गलत बता रहे हैं, वे खुलकर बहस के लिए सामने आएं।



### उपदेश देने से पहले उदाहरण प्रस्तुत करें

उन्होंने यह भी कहा कि उपदेश देने से पहले वे लोग आगे आएं और खुद कोई उदाहरण प्रस्तुत करें। खासकर वे जो सोशल मीडिया पर बैठकर बिना समझ के टिप्पणी करते हैं। रोहिणी ने व्यंग्य में कहा कि मानवता यदि वास्तव में उनके भीतर है, तो वे अंगदान जागरूकता अभियान शुरू करें और दूसरों को प्रेरित करें। अपनी टिप्पणी में उन्होंने हरियाणा के कुछ राजनीतिक चेहरों, पत्रकारों और सोशल मीडिया ट्रोल समूहों को भी निशाने पर लिया—जो उनके अनुसार लगातार उन पर अनर्गल आरोप लगाते रहे हैं। रोहिणी का कहना है कि जब तक लोग खुद किसी नेक कार्य का उदाहरण पेश नहीं करते, तब तक उन्हें किसी और के निर्णय पर उंगली उठाने का हक नहीं।

## डिजिटल अरेस्ट: ATS और NIA का भय दिखा 6.6 लाख उड़ाया



**एजेंसी | कानपुर**

फीलखाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को साइबर अपराधियों ने एटीएस और एनआईए अधिकारी बनकर तीन दिनों तक मानसिक दबाव में रखा और डिजिटल अरेस्ट कर लिया। आरोपियों ने महिला को यह विश्वास दिला दिया कि उसका नाम आतंकी गतिविधियों से जुड़ा है। घबराहट और डर के माहौल में महिला से कुल 6,66,000 रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए गए। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली। डीसीपी अपराध अंजलि विश्वकर्मा के अनुसार 9 नवंबर को महिला सुनीता गौड़ के फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) का अधिकारी बताया और दावा किया कि महिला का नाम आतंक से जुड़े एक मामले में सामने आया है। यह सुनते ही महिला भयभीत हो गई। स्थिति और गंभीर तब हो गई जब अगले ही दिन दिल्ली के लाल किले के पास कार विस्फोट की खबर आई। इस घटना को आधार बनाकर ठगों ने महिला पर और दबाव बनाया।




## सात माह के निचले स्तर पर बिटकॉइन

**एजेंसी | नई दिल्ली**

वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी बाजार एक बार फिर भारी दबाव में है। दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल करेंसी बिटकॉइन लगातार गिरावट दर्ज कर रही है और सात महीनों में पहली बार इसकी कीमत 90,000 डॉलर के नीचे फिसल गई। एशियाई बाजार में मंगलवार सुबह यह करीब 2% टूटकर 89,953 डॉलर पर ट्रेड कर रही थी। पिछले महीने अक्टूबर में बिटकॉइन 1,26,000 डॉलर के ऐतिहासिक उच्च स्तर को पार कर गया था, लेकिन उसके बाद से इसमें लगभग 30% की गिरावट आ चुकी है। इस गिरावट के साथ बिटकॉइन ने सालभर की अपनी सारी बढ़त गंवा दी है।



### बाजार मनोभाव बेहद कमजोर

रॉयटर्स के अनुसार, Astronaut Capital के चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर मैथ्यू डिब ने बताया कि अक्टूबर में हुए बड़े स्तर के कर्ज–समायोजन के बाद से बाजार का मनोभाव लगातार कमजोर बना हुआ है। उनका कहना है कि अगला अहम सपोर्ट लेवल 75,000 डॉलर पर दिख रहा है। डिब ने चेतावनी दी कि जब बड़े निवेशक बाजार से एक साथ बाहर निकलना शुरू करते हैं, तो छोटी और मध्यम आकार की क्रिप्टोकरेंसी सबसे तेज गिरावट का शिकार बनती हैं।

### ईथर पर भी भारी दबाव, 40% गिरा मूल्य

बाजार में कमजोरी का असर दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी ईथर पर भी गहराई से दिखाई दे रहा है। अगस्त में ईथर 4,955 डॉलर के ऊपर था, लेकिन अब यह लगभग 40% टूट चुका है। मंगलवार को इसकी कीमत 2,997 डॉलर पर थी। विश्लेषकों के मुताबिक, कई बड़ी कंपनियों और संस्थागत निवेशकों ने तेजी के दौरान भारी रकम लगाई थी, और अब मुनाफा वसूली तथा पोजीशन बंद करने से दबाव और गहरा रहा है।

## चांदी में गिरावट: देशभर में दूसरी पर फिसले दाम

**एजेंसी | नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में गिरावट का रुख लगातार दूसरे दिन जारी रहा। सोमवार को इस बहुमूल्य धातु के भाव में 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमी दर्ज की गई। ताज़ा भावों के अनुसार देश के विभिन्न बाजारों में चांदी 1,68,700 रुपये से 1,74,900 रुपये प्रति किलो की रेंज में बिक रही है। राजधानी दिल्ली में चांदी का भाव घटकर 1,66,900 रुपये प्रति किलो हो गया। मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में कीमतें 1,66,700 रुपये पर कायम रहीं। जयपुर, सूरत और पुणे में यह दर 1,67,000 रुपये प्रति किलो रही, जबकि बेंगलुरु में 1,67,200 रुपये और पटना व भुवनेश्वर में 1,66,800 रुपये प्रति किलो पर कारोबार हुआ।



### कुल तीस हजार रुपये गिरे दाम

त्योहारी सीजन के बाद लगातार घटती मांग के चलते चांदी के दामों में हाल के हफ्तों में तेज गिरावट आई है। 15 अक्टूबर को चेन्नई में चांदी 2,07,700 रुपये और दिल्ली में लगभग 1,98,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई थी। अब तक चांदी अपने उच्च स्तर से 30,000 रुपये से अधिक टूट चुकी है। बुलियन विशेषज्ञ मयंक मोहन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में नरमी और घरेलू स्तर पर कम होती मांग के कारण दाम नीचे आए हैं।

## टैरिफ में कमी का रास्ता साफ, घोषणा महीने के अंत तक संभव

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से लंबित ट्रेड डील पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। दोनों देशों की वार्ताओं का पहला चरण लगभग पूरा माना जा रहा है, जिसमें कई भारतीय उत्पादों पर लगे टैरिफ को कम करने या पूरी तरह हटाने पर चर्चा अंतिम चरण में है। यह समझौता विशेष रूप से टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग गुड्स और फार्मा जैसी भारतीय उद्योगों के लिए बड़ा लाभ साबित हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, इस ट्रेड डील पर आधिकारिक घोषणा नवंबर 2025 के अंतिम सप्ताह तक किए जाने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और अमेरिकी बाजारों में प्रतिस्पर्धा क्षमता मजबूत होगी। इस सौदे से दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में नए अवसर भी खुलेंगे, जिससे विदेशी निवेश और आर्थिक सहयोग को गति मिलेगी।

## GBC-5.0 में 5 लाख करोड़ निवेश लक्ष्य, कार्यक्रम नवंबर के आखिरी सप्ताह में

**एजेंसी | उत्तर प्रदेश**

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने के लिए राज्य सरकार एक बड़े निवेश सम्मेलन "ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 (GBC-5.0)" का आयोजन कर रही है। यह सम्मेलन लखनऊ में आयोजित होगा और इसमें देश-विदेश के उद्योगपतियों, निवेशकों और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि इस आयोजन के माध्यम से कम से कम 5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतार दिए जाएं। सरकार के अनुसार, इस कार्यक्रम में पहले से स्वीकृत परियोजनाओं का भी लोकार्पण होगा और नए सेक्टर—जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन एनर्जी, रक्षा निर्माण और स्टार्ट-अप सेक्टर—को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। GBC-5.0 को लेकर तैयारियाँ तेज़ हैं, और इसका आयोजन नवंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में निर्धारित किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस सम्मेलन में लक्षित निवेश सफल रहा, तो यह उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अगले कुछ वर्षों में नए स्तर पर ले जाएगा, साथ ही लाखों रोजगार अवसर भी पैदा होंगे।

## पहले ही दिन निवेशकों की पूंजी लगभग दोगुनी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

क्लाउड-आधारित टेक्नोलॉजी समाधान प्रदान करने वाली वर्कमेट्स कोर2क्लाउड ने सोमवार को शेयर बाजार में जोरदार शुरुआत की। 204 रुपये के इश्यू प्राइस पर जारी हुए शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 90% प्रीमियम के साथ 387.60 रुपये पर सूचीबद्ध हुए। इसके बाद बाजार में मजबूत खरीदारी के चलते शेयर थोड़े समय में ही उछलकर 405 रुपये तक पहुंच गया। इस तरह आईपीओ निवेशकों को पहले दिन करीब 98.53% का शानदार रिटर्न मिला। कंपनी के 69.84 करोड़ रुपये के आईपीओ को निवेशकों ने भरपूर समर्थन दिया। इश्यू को कुल मिलाकर 141.38 गुना सब्सक्रिप्शन मिला।



### वित्तीय प्रदर्शन लगातार मजबूत

सेबी को सौंपे गए डीआरएचपी के अनुसार कंपनी का वित्तीय ग्राफ पिछले वर्षों में तेजी से ऊपर गया है। 2022–23 में 1.86 करोड़ से बढ़कर 2023–24 में 5.35 करोड़ और 2024–25 में 13.93 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल–अगस्त 2025) में ही कंपनी 7.22 करोड़ रुपये का लाभ कमा चुकी है।2022–23 में 29.14 करोड़ से बढ़कर 2024–25 में 108.39 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

## महामाया लाइफ साइंसेज की बाजार में मजबूत शुरुआत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

एग्रीकल्चर सेक्टर में काम करने वाली महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार में हल्की बढ़त के साथ कदम रखा। 114 रुपये के इश्यू प्राइस पर जारी किए गए शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 1.75% प्रीमियम के साथ 116 रुपये पर लिस्ट हुए। शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद करीब 11:30 बजे खरीदारी बढ़ने से शेयर 121.80 रुपये के अपर सर्किट स्तर पर पहुंच गया। इस तरह आईपीओ निवेशकों को पहले ही दिन लगभग 6.84% का लाभ मिला। कंपनी का 70.44 करोड़ रुपये का आईपीओ 11–13 नवंबर के बीच जारी हुआ था, जिसे औसत स्तर का रिस्पॉन्स मिला। यह इश्यू कुल 1.63 गुना सब्सक्राइब हुआ। क्यूआईबी पोर्शन 1.19 गुना, एनआईआई पोर्शन 3.63 गुना

### 53.29 लाख नये शेयर जारी

आईपीओ में कुल 61,78,800 शेयर शामिल थे। इनमें 53,29,200 नए शेयर जारी किए गए, जबकि 5.40 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत बेचे गए। नए शेयरों से जुटाई गई धनराशि कंपनी नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट, उपकरण खरीद, वेयरहाउस निर्माण और अन्य कॉरपोरेट जरूरतों पर खर्च करेगी। वित्तीय स्थिति की बात करें तो ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार कंपनी की परफॉर्मेंस बीते तीन वर्षों में लगातार बेहतर हुई है। 2022–23 में 3.75 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023–24 में 5.22 करोड़ और 2024–25 में 12.94 करोड़ रुपये पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ही कंपनी 4.10 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

फीफा विश्व कप 2026

# बड़ी जीत के साथ जर्मनी ने बनाई जगह

## क्वालीफायर मुकाबले में स्लोवाकिया को 6-0 से हराया

एजेंसी | लीपज़िग

जर्मनी ने सोमवार को खेले गए अपने अंतिम क्वालीफायर मुकाबले में स्लोवाकिया को 6-0 से मात देकर फीफा विश्व कप 2026 का टिकट पक्का कर लिया। पहले ही हाफ में चार गोल दागकर जर्मन टीम ने मैच को एकतरफा बना दिया और स्लोवाकिया को अगले दौर के प्लेऑफ में धकेल दिया। चार बार की विश्व चैंपियन जर्मनी—जो 2018 और 2022 के विश्व कप में शुरुआती दौर से बाहर हो गई थी—ने इस बार क्वालीफाइंग ग्रुप में 15 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। स्लोवाकिया 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। क्वालीफिकेशन के लिए ड्रॉ भी पर्याप्त था, लेकिन जर्मनी ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया।

### 18वें मिनट में चौथा गोल दाग बनाई बढ़त




18वें मिनट में निक वोल्टेमाडे ने लगातार तीसरे मैच में अपना चौथा गोल दागा और टीम को बढ़त दिलाई। 29वें मिनट में सर्ज ग्नाब्री ने लियोन गोरेत्स्का के पास पर दूसरा गोल किया। 36वें मिनट में फ्लोरियन विट्र्ज़ के क्रॉस पर लेरॉय साने ने तीसरा गोल दागा और पांच मिनट बाद विट्र्ज़ की एक और असिस्ट पर साने ने चौथा गोल कर टीम को हाफ टाइम तक 4-0 की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। ब्रातिस्लावा में सितंबर में जर्मनी को हराने वाली स्लोवाकिया इस मुकाबले में पूरी तरह दबाव में नजर आई। वोल्टेमाडे ने मैच के बाद कहा, "हमने शुरुआत से शानदार फुटबॉल खेला। डिफेंस और अटैक दोनों में हम मजबूत रहे। जर्मनी के लिए खेलना गर्व की बात है और अब विश्व कप हमारे सामने है।"

### विश्वकप में जर्मनी की 21वीं एंट्री

दूसरे हाफ में जर्मनी ने गति कुछ कम की, लेकिन सब्स्टीट्यूट रिडले बाकू और 19 वर्षीय असान ओएद्राओगो ने एक-एक गोल जोड़कर स्कोर 6-0 कर दिया। ओएद्राओगो अपने डेब्यू में गोल करने वाले जर्मनी के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। यह जर्मनी की विश्व कप में 21वीं एंट्री है—ब्राज़ील के बाद दूसरा सबसे अधिक। टीम अब 2018 और 2022 की निराशाओं को पीछे छोड़ते हुए 2026 में खिताब जीतकर दोबारा विश्व फुटबॉल में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

# नाओमी ओसाका ने ऑकलैंड टूर्नामेंट छोड़ा



एजेंसी | वेलिंगटन

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने जनवरी में होने वाले ऑकलैंड एएसबी क्लासिक डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। अब वह नए सीज़न की शुरुआत न्यूज़ीलैंड के बजाय ऑस्ट्रेलिया में होने वाले यूनाइटेड कप 2026 में जापान की ओर से खेलते हुए करेंगी।

ओसाका ने पहले योजना बनाई थी कि वह 2026 का आगाज़ ऑकलैंड से करेंगी—जहाँ वे इस साल की शुरुआत में फाइनल में पहुंची थीं। लेकिन अब उन्होंने टूर्नामेंट निदेशक निकोलस लैम्पेरिन को सूचित किया है कि वह अपना प्री-ऑस्ट्रेलियन ओपन अभ्यास चरण ऑस्ट्रेलिया में ही जारी रखना चाहती हैं।

### मिश्रित प्रारूप वाला टूर्नामेंट पर्थ में

यूनाइटेड कप के लिए ओसाका जापान की टीम में शिंटारो मोचिज़ुकी के साथ जोड़ी बनाएंगी। यह मिश्रित टीम प्रारूप वाला टूर्नामेंट 2 से 11 जनवरी तक पर्थ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्रुप दौर में जापान का मुकाबला ब्रिटेन और ग्रीस से होगा। साल का पहला ग्रैंड स्लैम, ऑस्ट्रेलियन ओपन, 18 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होने वाला है।

फीफा विश्व कप 2026

# अमेरिकी वीज़ा इंटरव्यू में विशेष प्राथमिकता

एजेंसी | नई दिल्ली



फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बैठक के बाद विश्व कप 2026 के टिकट धारकों के लिए वीज़ा प्रक्रिया आसान करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अमेरिका ने घोषणा की है कि ऐसे आवेदकों को वीज़ा इंटरव्यू में प्राथमिकता दी जाएगी।

फीफा ने इस सुविधा के लिए 'फीफा पास' नामक विशेष प्रायोरिटी शेड्यूलिंग सिस्टम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय प्रशंसकों के लिए वीज़ा अपॉइंटमेंट को तेज और सरल बनाना है।

ट्रम्प प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीतियों के बीच यह व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि टूर्नामेंट के दौरान बड़ी संख्या में विदेशी दर्शक उत्तर अमेरिका पहुंचेंगे। अगला विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको के 16 शहरों में संयुक्त रूप से खेला जाएगा, जिसमें पहली बार टीमों की संख्या बढ़ाकर 48 कर दी गई है। इन्फेंटिनो ने कहा कि अमेरिका अभूतपूर्व स्तर पर दुनियाभर के प्रशंसकों के स्वागत के लिए तैयार है और यह पहल फुटबॉल को वैश्विक एकता का माध्यम साबित करने में मदद करेगी।

### अब तक दस लाख टिकट बिके


बढ़ती वीज़ा चिंताओं के बावजूद टिकटों की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। अक्टूबर तक 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बताया कि विश्व कप नजदीक आने के साथ ही टिकट धारकों को प्राथमिकता अपॉइंटमेंट दिए जा रहे हैं, ताकि वीज़ा प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। उन्होंने कहा कि अमेरिका इतिहास के सबसे सुरक्षित और यादगार विश्व कप की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है।

# बल्लेबाजों का चैन छीनने लगे 'जूनियर सहवाग'



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज वीरेंद्र सहवाग के नक्शेकदम पर चलते हुए उनके बेटे आर्यवीर सहवाग भी बल्लेबाजों का नहीं, बल्कि गेंदबाजों का चैन छीनने लगे हैं। कूच बेहार ट्रॉफी के हालिया मुकाबले में आर्यवीर ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। दिल्ली और बिहार की टीमों के बीच पालम स्थित एयरफोर्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम की ओर से पारी की शुरुआत करने उतरे आर्यवीर सहवाग ने 72 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें उनके बल्ले से 14 चौके निकले। उन्होंने कप्तान प्रणव पंत के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 147 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की और टीम को 278 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में बिहार की शुरुआत लड़खड़ा गई और पूरी टीम सिर्फ 125 रन पर ढेर हो गई।

# ग्रोइन इंजरी के चलते डेरिल मिचेल वनडे सीरीज़ से बाहर



### हेनरी निकोल्स पूरी श्रृंखला में शामिल

**वेलिंगटन।** न्यूज़ीलैंड के प्रमुख ऑलराउंडर डेरिल मिचेल वेस्टइंडीज़ के खिलाफ जारी वनडे सीरीज़ से चोट के कारण बाहर हो गए हैं। दूसरे वनडे के लिए टीम में जोड़े गए हेनरी निकोल्स अब शेष मुकाबलों में भी टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

हैगले ओवल में खेले गए पहले वनडे में मिचेल ने शतकीय खेल दिखाकर टीम को 7 रन से जीत दिलाने में अहम योगदान दिया था, लेकिन इसी दौरान उन्हें जांघ में खिंचाव महसूस हुआ। चोट के चलते वह दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए मैदान पर नहीं उतर सके। स्कैन में हल्की ग्रोइन इंजरी की पुष्टि हुई है, जिसके लिए लगभग दो सप्ताह के रिहैब की जरूरत होगी।

टीम प्रबंधन ने उम्मीद जताई है कि मिचेल 2 दिसंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज़ तक फिट हो जाएंगे। मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, "किसी भी खिलाड़ी का फॉर्म के चरम पर रहते हुए सीरीज़ से बाहर होना कठिन होता है। डेरिल इस समर में हमारे सबसे भरोसेमंद वनडे खिलाड़ी रहे हैं और उनकी गैरमौजूदगी महसूस होगी।"

## बॉ ली वु ड


# 'धुरंधर' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज



रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' का धमाकेदार ट्रेलर आखिरकार जारी कर दिया गया है। ट्रेलर रिलीज होते ही इसने सोशल मीडिया पर तूफान खड़ा कर दिया है। टीज़र और पोस्टर्स के बाद से ही फिल्म को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ था, और अब ट्रेलर ने दर्शकों की उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह स्पाई-थ्रिलर एक्शन ड्रामा पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद और सीमा पार खुफिया अभियानों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, आर. माधवन और सारा अर्जुन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 4 मिनट 7 सेकंड लंबे ट्रेलर की शुरुआत अर्जुन रामपाल के तीखे और डरावने सीन से होती है, जो फिल्म के टोन को तुरंत स्थापित कर देता है। इसके बाद रणवीर सिंह का बेहद इंटेंस और खतरनाक अवतार देखने को मिलता है। ट्रेलर में दिखाए गए कई दृश्य ऐसे हैं जो रोंगटे खड़े कर देते हैं और संकेत देते हैं कि फिल्म एक हाई-ऑक्टेन, एज-ऑफ-द-सीट अनुभव देने वाली है।


निर्माताओं के अनुसार, 'धुरंधर' 5 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। रिलीज से पहले ही चर्चा है कि फिल्म की सफलता को देखते हुए मेकर्स ने 'धुरंधर 2' की योजना भी शुरू कर दी है। कुल मिलाकर, ट्रेलर ने फैंस में उत्साह का लेवल और ज्यादा बढ़ा दिया है, और अब सभी की निगाहें फिल्म की रिलीज पर टिकी हैं।

# 'दबंग-4' को लेकर अरबाज ने तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग में व्यस्त हैं, जो अगले साल रिलीज होने वाली है। इसी बीच उनकी लोकप्रिय 'दबंग' फ्रैंचाइजी को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसने फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है। फिल्ममेकर अरबाज खान ने आधिकारिक रूप से पुष्टि कर दी है कि 'दबंग 4' पर काम जारी है और फ्रैंचाइजी अभी खत्म नहीं हुई है। दिए इंटरव्यू में अरबाज ने कहा, यह पाइपलाइन में है, लेकिन मुझे इसकी टाइमलाइन नहीं पता। उन्होंने बताया कि अगली किस्त को लेकर दर्शकों के सवाल लगातार आते रहते हैं, जिसके जवाब में यही कहना उचित है कि फिल्म पर काम हो रहा है और टीम बिना किसी जल्दबाजी के आगे बढ़ रही है। अरबाज खान ने आगे कहा, 'दबंग 4' जरूर बनेगी। सही समय पर बनेगी। सलमान और हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। कब बनेगी यह कहना मुश्किल है, लेकिन जब भी आएगी, यह ऐसी फिल्म होगी जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार करेंगे। गौरतलब है कि सलमान खान की 'दबंग' की तीन किस्तें अब तक रिलीज हो चुकी हैं, पहली 2010 में, दूसरी 2012 में और तीसरी 2019 में और तीनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता पाई थी।

# 'एनबीके 111' में नयनतारा के किरदार पर से उठा पर्दा, फर्स्ट लुक आया सामने




साउथ भारतीय सिनेमा की 'लेडी सुपरस्टार' नयनतारा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एनबीके 111' को लेकर चर्चा में हैं। उनके 41वें जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने उनका पहला लुक जारी किया, जिसने सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में नयनतारा एक शक्तिशाली रानी की भूमिका निभा रही हैं, और उनका शाही अंदाज देखने के बाद फैंस में उत्साह और भी बढ़ गया है। फिल्म में नंदमुरी बालकृष्ण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जबकि निर्देशन की कमान गोपीचंद मालिनेनी संभाल रहे हैं। निर्माताओं ने नयनतारा का पहला लुक जारी करते हुए लिखा, ₹महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को समेटे हुए रानी नयनतारा 'एनबीके 111' के साम्राज्य में प्रवेश करती हैं। टीम की ओर से जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं।₹ 'एनबीके 111' की घोषणा नंदमुरी बालकृष्ण के जन्मदिन पर की गई थी। फिल्म के शीर्षक को आगे बढ़ाने के साथ इसकी रिलीज़ डेट का इंतजार अभी भी बना हुआ है।

इसके अलावा नयनतारा की झोली में दो और बड़े प्रोजेक्ट हैं, यश की 'टॉक्सिक' और चिरंजीवी की आगामी फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु'।

# '120 बहादुर' का नया पोस्टर आया सामने




बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म '120 बहादुर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म का ट्रेलर और गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसी बीच निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पोस्टर के साथ फरहान अख्तर द्वारा लिखे गए भावनात्मक संदेश ने लोगों का ध्यान खींच लिया है। फरहान अख्तर ने नया पोस्टर शेयर करते हुए रेजांग ला की अदम्य वीरता को नमन किया। उन्होंने लिखा,आज से 63 साल पहले रेजांग ला में इतिहास लिखा गया था। अविश्वसनीय सच्ची कहानी पर आधारित, इस कहानी को 3 दिनों में बड़े पर्दे पर देखें। फरहान का यह पोस्ट भारतीय सैनिकों की बहादुरी और त्याग को याद करते हुए सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से शेयर किया है।

फिल्म '120 बहादुर' 18 नवंबर 1962 को भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला में लड़ी गई ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित है। यह वह युद्ध था जिसमें 120 भारतीय जवानों ने 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का सामना किया था, और अद्वितीय साहस का परिचय देते हुए भारत का गौरव बढ़ाया था। इस वीरता गाथा को बड़े पर्दे पर पेश करने वाली यह फिल्म भारतीय इतिहास के सबसे साहसिक अध्यायों में से एक को जीवंत करने का प्रयास करती है। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत फिल्म '120 बहादुर' आगामी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता चरम पर है, और नया पोस्टर इसके प्रति उम्मीदों को और बढ़ा रहा है।

# शेख हसीना को मौत की सजा के बाद रातभर हिंसा

एजेंसी । ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के विरुद्ध अपराधों के मामले में मौत की सजा सुनाए जाने के बाद देशभर में उग्र विरोध भड़क गया। रविवार देर रात से सोमवार तक कम से कम पांच जिलों में वाहनों में आग लगाई गई और कई स्थानों पर झड़पें हुईं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने पिछले वर्ष जुलाई में हुए प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में हसीना को दोषी ठहराते हुए मृत्युदंड सुनाया है। अदालत ने उनके सहयोगियों—पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून—को भी दोषी बताया। हालांकि मामून को क्षमादान दिया गया है, लेकिन न्यायालय ने अपराध की गंभीरता के आधार पर उन्हें हल्की सजा देने की बात कही है।

- कई जिलों में आगजनी, पूर्व राष्ट्रपति के आवास में तोड़फोड़
- पुलिस स्टेशन समेत अन्य सरकारी दफ्तरों पर किया हमला
- राजधानी ढाका में सर्वाधिक तनाव, सेना-पुलिस लगाई गई
- हसीना व असदुज्जमां की संपत्ति जब्त करने का आदेश
- उच्च न्यायालय के बाहर भी बीजीबी के जवानों की तैनाती



### हिंसा में 50 घायल

फैसले के बाद राजधानी ढाका के धानमंडी-32 इलाके में सबसे ज्यादा अशांति देखी गई, जहां शेख मुजीबुर रहमान का आवास भी स्थित है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, विरोध प्रदर्शनों और सुरक्षा बलों के साथ टकराव में कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख राजमार्गों पर मार्च निकालते हुए उन्हें जाम कर दिया।

### पूर्व राष्ट्रपति के आवास पर तोड़फोड़

पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज, आंसू गैस और साउंड ग्रेनेड का सहारा लिया। द डेली स्टार की रिपोर्ट बताती है कि पिछले सप्ताहभर में देश भर में 50 से ज्यादा आगजनी और देसी बम हमले हुए हैं, जिनमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई। सोमवार रात किशोरगंज में पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हमीद के आवास पर भी हमला कर तोड़फोड़ की गई।

### पुलिस स्टेशन पर निकाला गुस्सा

प्रथम अलो के अनुसार, हसीना को सजा सुनाए जाने के बाद इलाके में निकाली गई विजय रैली के दौरान 20–30 अज्ञात लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति के घर पर अचानक हमला कर दिया। वहीं, गोपालगंज के कोटालीपारा पुलिस स्टेशन और उपजिला परिषद कार्यालय पर देसी बम फेंके जाने से तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में कांस्टेबल इरिन नाहर (31), आरिफ हुसैन (33) और नजरुल इस्लाम (52) शामिल हैं।

## बांग्लादेश में हिंसा के बाद सेना तैनात

एजेंसी । ढाका

बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 (आईसीटी-1) ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल को मानवता के विरुद्ध अपराधों के मामले में सुनाई गई मौत की सजा के साथ उनकी संपत्ति जब्त करने का भी आदेश दिया है। फैसले के बाद देशभर में छिड़ी हिंसा के मद्देनजर न्यायालय परिसरों के आसपास सुरक्षा को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ा दिया गया है। पिछले वर्ष जुलाई–अगस्त के

### हसीना व असदुज्जमां की संपत्ति जब्त करने का आदेश

छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा और कथित अत्याचारों के लिए दोनों नेताओं को दोषी ठहराया गया। न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार ने निर्देश दिया कि संपत्ति जब्ती का नोटिस ढाका के जिला मजिस्ट्रेट को भेजा जाए।



### हसीना के पास 4.34 करोड़ टका

शेख हसीना और असदुज्जमां खान ने 2024 के संसदीय चुनावों में दिए हलफनामों में अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज किया था। हलफनामे के अनुसार, हसीना के पास कुल 4.34 करोड़ टका की संपत्ति थी, जबकि असदुज्जमां खान की घोषित कुल संपत्ति 10.25 करोड़ टका के करीब थी।

## कुख्यात माओवादी हिडमा, उसकी पत्नी का एनकाउंटर

- कुल आधा दर्जन नक्सली हुए ढेर
- आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में हुई मुठभेड़





एजेंसी । राजमुंद्री/मारेडुमिली

आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में सुरक्षा बलों को माओवादी मोर्चे पर बड़ी सफलता मिली है। मारेडुमिली के घने वन क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए मुठभेड़ में मोस्ट वांटेड माओवादी कमांडर माडवी हिडमा, उसकी पत्नी राजक्का सहित कुल छह नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। हिडमा पर एक करोड़ रुपये और राजक्का पर पचास लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस महानिदेशक हरीश कुमार गुप्ता ने बताया कि आंध्र प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ की सीमाओं पर माओवादी गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद तड़के से तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इसी दौरान मारेडुमिली के जंगल में माओवादियों ने सुरक्षाबलों पर अचानक फायरिंग कर दी, जिसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में छह नक्सली मारे गए। माओवादियों की पहचान हिडमा, उसकी पत्नी राजक्का, तथा उनके सहयोगियों—मल्ला, देवे, चेल्लूरी नारायण उर्फ सुरेश और टेक शंकर—के रूप में हुई है।

### 26 बड़े हमलों का सूत्रधार था हिडमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा के पुरवती गांव में जन्मा हिडमा कम उम्र में ही माओवादी केंद्रीय समिति तक पहुंच गया था। गुरिल्ला युद्धनीति का माहिर, वह पीएलजीए का बटालियन कमांडर और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का हिस्सा रहा। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक वह 26 बड़े नक्सली हमलों का मुख्य सूत्रधार था और कई भाषाओं—हिंदी, गोंडी, तेलुगु, कोया और बंगाली—का जानकार था। 2023 में हिडमा के मारे जाने की अफवाहें भी फैली थीं, लेकिन वह अपनी तीन-स्तरीय सुरक्षा घेरे के कारण पकड़ में नहीं आ सका था। मंगलवार को हुई मुठभेड़ ने उसके लंबे नक्सली अध्याय का अंत कर दिया।

### हिडमा ने फिलीपींस में ली थी ट्रेनिंग

**गढ़चिरौली।** छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश सीमा पर मंगलवार सुबह हुई कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने लंबे समय से वांछित नक्सली कमांडर माड़वी हिडमा को उसकी पत्नी सहित सात नक्सलियों के साथ ढेर कर दिया गया। हिडमा को माओवादी संगठन का शीर्ष रणनीतिकार माना जाता था, जिसने फिलीपींस में जाकर गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग ली थी। सुकमा जिले के पुवारती गांव में जन्मा हिडमा दो दशकों से बस्तर में नक्सली हिंसा का प्रमुख चेहरा बना हुआ था। वह पीएलजीए की बटालियन-1 का नेतृत्व करता था और दंतेवाड़ा (2010), झीरम घाटी (2013) और बुरकापाल (2017) जैसे बड़े हमलों में उसकी भूमिका रही थी। मारेदुमिल्ली के जंगल में हुई मुठभेड़ को सुरक्षा बल नक्सल मोर्चे पर सबसे महत्वपूर्ण कामयाबियों में से एक मान रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस सफलता पर संयुक्त बलों को बधाई दी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दरगाह से कुल्हाड़ी–तलवार का जखीरा बरामद

**गिर सोमनाथ।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए चलाए गए मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली। प्रभास पाटन स्थित हज़रत कच्छी पीर बाबा की दरगाह की तलाशी में एसओजी टीम ने एक गुप्त हिस्से से कुल्हाड़ी, तलवार और अन्य देसी हथियारों का जखीरा बरामद किया। धार्मिक स्थल से हथियारों का मिलना गंभीर सुरक्षा चिंता माना जा रहा है। सभी हथियार ज़ब्त कर लिए गए हैं और दरगाह के मुंजावर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक जयराजसिंह जाडेजा के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में एलसीबी, एसओजी, बीडीडीएस और विभिन्न पुलिस थानों की कुल 11 विशेष टीमें शामिल थीं।

### तकनीकी गड़बड़ी से चेटजीपीटी और जेमिनी तक सैकड़ों वेबसाइट्स हुईं ठप

**नई दिल्ली।** इंटरनेट पर आज दोपहर अचानक कई लोकप्रिय वेबसाइट्स और एप्स ने काम करना बंद कर दिया। अगर आपको भी '500 Error' या 'Something Went Wrong' जैसे मैसेज दिख रहे हैं, तो इसकी वजह क्लाउडफ्लेयर में आया एक बड़ा आउटेज है। दुनिया भर के यूजर्स X, जेमिनी, पर्प्लेक्सिटी और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लॉगिन या कंटेंट लोड नहीं कर पा रहे हैं। क्लाउडफ्लेयर ने अपनी स्टेटस पेज पर कहा कि वे तकनीकी गड़बड़ी की जांच कर रहे हैं जो कई ग्राहकों को प्रभावित कर रही है। कंपनी के अनुसार, "वाइडस्प्रेड 500 एरर आ रहे हैं, साथ ही क्लाउडफ्लेयर डैशबोर्ड और API भी ठीक से काम नहीं कर रहे। स्थिति समझने और समस्या को ठीक करने पर काम जारी है।"

### कांग्रेस का एलान- SIR पर रामलीला मैदान में करेंगे विशाल रैली

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आज कांग्रेस की बैठक को लेकर पार्टी के सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस दिसंबर के पहले हफ्ते रामलीला मैदान में इस मुद्दे (एसआईआर) पर महारैली करेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में काम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, केरल विधानसभा ने एसआईर की प्रक्रिया को स्थगित करने का प्रस्ताव पारित किया। यहां तक कि केरल के मुख्य चुनाव अधिकारी ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) से आग्रह किया कि राज्य में एसआईआर करने का यह सही समय नहीं है।

### मदीना बस हादसा : परिजनों का दल रवाना

## पीड़ित परिवारों की मदद के लिए दूतावास ने बनाया कैंप कार्यालय

**भारतीय दूतावास ने मदीना में अस्थायी कैंप कार्यालय स्थापित**

एजेंसी । दुबई

सऊदी अरब में हुए भीषण बस हादसे में मारे गए भारतीय हज यात्रियों के परिजनों की सहायता के लिए भारतीय दूतावास ने मदीना में अस्थायी कैंप कार्यालय स्थापित कर दिया है। रियाद स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि कैंप कार्यालय पीड़ित परिवारों को पहचान, दस्तावेजी प्रक्रिया और अन्य जरूरी औपचारिकताओं में मदद करेगा। इधर, मृतकों के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने के लिए तेलंगाना से करीब 50 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल हैदराबाद से मदीना के लिए रवाना हो गया है। सऊदी अरब के नियमों के अनुसार सभी मृतकों का अंतिम संस्कार वहीं किया जाना तय किया गया है, जिसे तेलंगाना सरकार ने स्वीकृति दे दी है।



### एकमात्र शोएब जीवित बचे

दुर्घटना में केवल एक भारतीय यात्री अब्दुल शोएब मोहम्मद जीवित बच पाए। वे खिड़की के पास की सीट पर थे और समय रहते बाहर कूदने में सफल रहे। वे फिलहाल मदीना के अस्पताल में उपचाराधीन हैं। भारतीय महावाणिज्य दूत फहद अहमद खान सूरी ने अस्पताल जाकर उनसे मुलाकात की और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

### 44 भारतीय की हुई मौत

गौरतलब है कि उमराह यात्रा पर निकले भारतीय श्रद्धालुओं की बस रविवार देर रात एक ईंधन टैंकर से टकरा गई थी। हादसे में 44 भारतीयों की मृत्यु हो गई, जिनमें से 42 तेलंगाना के निवासी थे। टक्कर के बाद बस में आग तेजी से फैल गई, जिससे अधिकांश यात्री बाहर निकल नहीं सके।

### 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम

दूतावास की ओर से बताया गया कि हादसे के बाद से ही 24×7 कंट्रोल रूम सक्रिय है, जिससे परिजन लगातार संपर्क कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार 54 सदस्यीय दल में से कुछ लोग संयोगवश बस में सवार नहीं थे, जिससे उनकी जान बच गई।

## यूक्रेन–फ्रांस के बीच बड़ा रक्षा समझौता

- 100 राफेल, मिसाइल सिस्टम और ड्रोंस की डील

एजेंसी । पेरिस

रूस के साथ जारी संघर्ष के बीच यूक्रेन ने अपनी सैन्य ताकत को मजबूत करने के लिए फ्रांस के साथ एक ऐतिहासिक रक्षा समझौता किया है। सोमवार को विलाकौब्ले सैन्य हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मौजूदगी में दस वर्ष के इस व्यापक रक्षा पैकेज पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत यूक्रेन फ्रांस से 100 राफेल लड़ाकू विमान, उन्नत हवाई रक्षा प्रणालियां, ड्रोन्स, ड्रोन-रोधी उपकरण और अन्य आधुनिक हथियार चरणबद्ध तरीके से खरीदेगा।



### हवाई सुरक्षा के लिए आधुनिक प्रणाली

समझौते में यह भी शामिल है कि 2035 तक यूक्रेन को नई पीढ़ी की एसएएमपी/टी मिसाइल बैटरियां उपलब्ध कराई जाएंगी, जो रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान कर सकेंगी। इसके साथ ही फ्रांस यूक्रेन को एएएसएम हैमर एयर-टू-सरफेस मुनिशन, विभिन्न प्रकार के ड्रोन्स और ड्रोन अवरोधक प्रणाली भी देगा। पायलटों के प्रशिक्षण, रखरखाव और तकनीकी सहयोग को भी इस रक्षा पैकेज का हिस्सा बनाया गया है।

## यूएन: अमेरिकी गाजा शांति प्रस्ताव को मंजूरी





एजेंसी । न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में स्थायी शांति और पुनर्निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अमेरिका की गाजा शांति योजना को मंजूरी दे दी। 15 सदस्यीय परिषद में यह प्रस्ताव 13-0 से पारित हुआ, जबकि रूस और चीन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रस्ताव राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 20-सूत्रीय गाजा योजना को अंतरराष्ट्रीय मान्यता देने की रणनीति का हिस्सा है। वोटिंग के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इसे "ऐतिहासिक निर्णय" बताया। स्वीकृत प्रस्ताव के तहत गाजा में एक शांति बोर्ड बनाया जाएगा और अस्थायी अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (ISF) की तैनाती की जाएगी।

### फिलिस्तीनी राज्य और हमास की प्रतिक्रिया

प्रस्ताव में फिलिस्तीनी राज्य का उल्लेख तो है, लेकिन इसे कब लागू किया जाएगा, इसका स्पष्ट खाका नहीं दिया गया। हमास ने योजना का विरोध करते हुए इसे गाजा पर अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण थोपने की कोशिश बताया और चेतावनी दी कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय बल की तैनाती संघर्ष को और बढ़ा सकती है। हमास ने अपनी सैन्य शाखा का निरस्त्रीकरण मानने से भी इनकार कर दिया। उधर, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया कि ?गाजा का विसैन्यीकरण हर परिस्थिति में किया जाएगा।

## CBI-ED समेत अनिल अंबानी को नोटिस

- बैंक और कॉर्पोरेट घोटाले की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट सक्रिय

एजेंसी । नई दिल्ली



रिलायंस कम्युनिकेशन से जुड़े कथित बैंक और कॉर्पोरेट घोटाले की कोर्ट निगरानी में जांच कराने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को CBI, ED और उद्योगपति अनिल अंबानी को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने तीनों पक्षों से जवाब मांगते हुए मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद तय की। यह याचिका पूर्व केंद्रीय सचिव ई.ए.एस. शर्मा द्वारा दायर की गई है।

## आंध्र प्रदेश : मुठभेड़ में 31 माओवादी गिरफ्तार

एजेंसी । विजयवाड़ा/रम्पाछोड़वरम

आंध्र प्रदेश में चलाए जा रहे बड़े तलाशी अभियान के बीच मंगलवार को सुरक्षा बलों ने माओवादी नेटवर्क पर एक और बड़ा प्रहार किया। सुबह अल्लूरी सीतारामाराजू जिले के मारेदुमिल्ली जंगल में हुई मुठभेड़ में छह माओवादी मारे जाने के कुछ घंटे बाद पुलिस ने राज्य के कई इलाकों में छापेमारी कर 31 माओवादियों को पकड़ लिया। एडीजी (खुफिया) महेश चंद्र लड्डा और जिला एसपी अमित बरदार ने बताया कि पिछले दो दिनों से खुफिया जानकारी के आधार पर व्यापक कॉम्बिंग ऑपरेशन चल रहा था। मारेदुमिल्ली मुठभेड़ के दौरान माओवादियों से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए।



### मकान में छिपे थे सभी माओवादी

इसके बाद पुलिस ने कृष्णा जिले के विजयवाड़ा और काकीनाडा में छापे मारकर 31 माओवादियों को गिरफ्तार किया। इनमें विजयवाड़ा के पेनामलुरू क्षेत्र में एक मकान में छिपे 27 सदस्य—21 महिलाएं और 6 पुरुष—शामिल हैं, जो सभी छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। गिरफ्तारों में केंद्रीय समिति सदस्य देवजी की सुरक्षा टीम के नौ सदस्य और दंडकारण्य क्षेत्र से जुड़े आठ माओवादी भी शामिल बताए गए हैं।

## दिल्ली : कोर्ट और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी । दुबई

दिल्ली में चार जिला अदालतों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर संबंधित स्कूलों और अदालत परिसरों को खाली करा लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम को मंगलवार सुबह फोन कर दावा किया कि प्रशांत विहार और द्वारका स्थित सीआरपीएफ के स्कूलों में बम लगाए गए हैं। इसके बाद दोनों परिसरों को खाली करा लिया गया। उन्होंने बताया कि पटियाला हाउस कोर्ट, साकेत कोर्ट, रोहिणी कोर्ट और द्वारका कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अदालतों में कामकाज अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।





### ई-मेल के जरिए मिली धमकी

बम की धमकी ई-मेल के जरिये मिली थी। सीआरपीएफ और बम निरोधक दस्ते मामले की जांच में जुड़े हैं। हालांकि जांच में अभी तक किसी भी अदालत में बम मिलने की खबर नहीं है। अग्निशमन विभाग के अनुसार आज सुबह करीब 9 बजे आए इस कॉल के बाद स्थानीय पुलिस, बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन विभाग सहित अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर घंटों जांच की गयी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिला।